संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक-013/रायगढ़/2020-2022

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -121 गुरूवार ,02 मार्च 2023, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रुपये
मूल्य :-2/- पृष्ठ 08

# होली के पहले ही फूटा महंगाई बम




## घरेलू गैस सिलेंडर में 50 रुपये की बढ़ोत्तरी और कामर्शियल में 350

**नई दिल्ली,01 मार्च 2023(ए)।** पूर्वोत्तर राज्यों में चुनाव के बाद और होली से ठीक पहले आम जनता को महंगाई का बड़ा झटका लगा है। घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोत्तरी की गई है।

घरेलू गैस सिलेंडर अब 50 रुपये महंगा हो गया है। इसके साथ ही कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दामों में भी इजाफा किया गया है। इसके दाम में 350.50 रुपये भारी भरकम बढ़ोत्तरी की गई है।

कमर्शियल गैस सिलेंडर में की गई भारी भरकम बढ़ोत्तरी का असर केटरिंग व्यवसाय और होटल इंडस्ट्री के साथ ही छोटे-बड़े होटल रेस्टोरेंट, ठेले खोमचो पर भी देखने को मिल सकता है। यहां पर खाना अब महंगा हो सकता है।

इसके साथ ही शादी ब्याह, रिशेप्सन पार्टी इत्यादी में केटिरिंग सर्विस के महंगे होने की उम्मीद की जा रही है। घरेलू गैस सिलेंडरों के दाम 8 महीने बाद बढ़ाए गए हैं। इससे पहले 1 जुलाई को घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के दाम में इजाफा किया गया था। वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम हर महीने की 1 तारीख को तय किए जाते हैं।

### चार महानगरों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के नए दाम

दिल्ली में घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 1053 रुपये से बढ़कर 1103 रुपये हो गए हैं

कोलकाता में 1079 रुपये से बढ़कर 1129 रुपये हो गए हैं

मुंबई में दाम 1052.50 रुपये से बढ़कर 1102.50 रुपये प्रति सिलेंडर पर हो गए हैं

चेन्नाई में 1068.50 रुपये से बढ़कर 118.50 रुपये हो गए हैं

### चार महानगरों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के नए दाम

दिल्ली में दाम 1769 रुपये से बढ़कर 2119.50 रुपये हो गए हैं
कोलकाता में दाम 1869 रुपये से बढ़कर 2219.50 रुपये हो गए हैं
मुंबई में दाम 1721 रुपये से बढ़कर 2071.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गए हैं
चेन्नई में दाम 1917 रुपये से बढ़कर 2267.50 रुपये हो गए हैं

## अंबानी, बच्चन और धर्मेंद्र के घर को बम से उड़ाने की धमकी



### मुकेश अंबानी,अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र के घरों को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई ,01 मार्च 2023(ए)।** महाराष्ट्र पुलिस ने अरबपति व्यवसायी मुकेश अंबानी, बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन और फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र समेत मुंबई के अन्य प्रमुख लोगों के घरों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले एक व्यक्ति को पालघर शहर से गिरफ्तार किया है। पेशे से ड्राइवर यह व्यक्ति नागपुर का निवासी है और उसने मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर दावा किया था कि आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए 25 हथियारबंद लोग मुंबई के दादर पहुंच चुके हैं। इसके बाद पुलिस की जांच शुरू हुई और कई टीमों का गठन किया गया।

पुलिस टीमों ने धमकी भरे कॉल मिलने के बाद दक्षिण मुंबई के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों के साथ-साथ सभी बंदरगाहों और लैंडिंग पॉइंट की तलाशी ली, लेकिन उन्हें कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस को जांच के दौरान कॉल करने वाले की पहचान नागपुर निवासी अश्विन भारत माहिस्कर के रूप हुई, जिसने पालघर जिले के दहानू रेलवे स्टेशन से काल किया था। बाद में उसे दहानू पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## केंद्र सरकार का बड़ा फैसला




### थिंक टैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का विदेशी फंडिंग का लाइसेंस रद्द

**नई दिल्ली,01 मार्च 2023(ए)।** केंद्र सरकार ने आज अहम फैसला लेते हुए देश के बड़े थिंक टैंक सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च के फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन रेगुलेशन एक्ट लाइसेंस को रद्द कर दिया है। यह सेंटर पिछले साल सीपीआर और ऑक्सफैम पर आईटी के सर्वे के बाद से यह लाइसेंस जांच के दायरे में था।

वैसे आपको बता दें कि ऑक्सफैम का लाइसेंस जनवरी 2022 में वापस ले लिया गया था, जिसके बाद इस एनजीओ ने गृह मंत्रालय में इसे लेकर रिव्यू पिटीशन दाखिल की थी।

# बीबीसी को मानना पड़ेगा भारत का कानून

### रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने जयशंकर से की मुलाकात, यूक्रेन संघर्ष और ज्20 समेत कई मुद्दों पर की व्यापक चर्चा

**नई दिल्ली,01 मार्च 2023 (ए)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में जी-20 बैठक के मौके पर अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच में द्विपक्षीय सहयोग, यूक्रेन संघर्ष और जी-20 से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

बता दें कि रूस के विदेश मंत्री जी-20 के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने के लिए मंगलवार रात को यहां पहुंचे थे। यूक्रेन में संघर्ष को लेकर रूस के पश्चिमी देशों से बढ़ते टकराव के बीच बैठक हो रही है।




जयशंकर ने ट्वीट किया कि जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर रूसी विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव के साथ विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग और जी-20 से जुड़े मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन के मुद्दे पर भी चर्चा हुई होगी। सर्गेई लावरोव की भारत यात्रा के मौके पर रूसी विदेश मंत्रालय ने बताया कि मॉस्को जी-20 को दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रतिष्ठित मंच मानता है, जहां पर सभी के हितों में संतुलित और आम-सहमति से फैसले होने चाहिए। एक बयान में कहा कि हम बहुस्तरीय लोकतंत्र में विश्वास बहाल करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था को बंटने से रोकने के लिए संगठित करने वाले एजेंडे को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता के लिए जी-20 की भारत की अध्यक्षता का समर्थन करते हैं।

बयान में कहा गया कि मॉस्को भारत की घोषित प्राथमिकताओं की प्रासंगिकता को साझा करता है जिनमें समावेशी और सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में प्रगति में तेजी लाना, बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार और डिजिटल आधुनिकीकरण शामिल हैं।

भारत के प्रयासों का रूस ने किया समर्थन बयान ने कहा गया कि हम कार्य प्रणालियों को मजबूत करने और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने तथा स्टार्टअप शुरू करने के लिए विशिष्ट प्रक्रियाओं पर अमल करने के भारत के प्रयासों का समर्थन करते हैं

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय वायु सेना के लिए एचएएल से 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमान की खरीद को मंजूरी दी

**नई दिल्ली,01 मार्च 2023 (ए)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय वायु सेना के लिए 6,828.36 करोड़ रुपये की लागत से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट की खरीद को मंजूरी दी है। विमानों की आपूर्ति छह साल की अवधि में की जाएगी। एचटीटी-40 एक टर्बो प्रॉप एयरक्राफ्ट है और इसे अच्छे लो स्पीड हैंडलिंग गुणों और बेहतर प्रशिक्षण प्रभावशीलता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस पूरी तरह से एरोबेटिक टैंडेम सीट टर्बो ट्रेनर में वातानुकूलित कॉकपिट, आधुनिक एवियोनिक्स, हॉट री-फ्यूलिंग, रनिंग चेंज ओवर और जीरो-जीरो इजेक्शन सीटें हैं। विमान नए शामिल पायलटों के प्रशिक्षण के लिए भारतीय वायुसेना के बुनियादी प्रशिक्षक विमानों की कमी को पूरा करेगा। खरीद में सिमुलेटर सहित संबद्ध उपकरण और प्रशिक्षण सहायक शामिल होंगे। एक स्वदेशी समाधान होने के नाते, विमान भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की आवश्यकताओं को शामिल करने के लिए उन्नयन के लिए विन्यास योग्य है। एचटीटी -40 में लगभग शामिल हैं। 56त्न स्वदेशी सामग्री जो प्रमुख घटकों और उप-प्रणालियों के स्वदेशीकरण के माध्यम से उत्तरोत्तर 60प्रतिशत से अधिक तक बढ़ जाएगी। एचएएल अपनी आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई सहित भारतीय निजी उद्योग को शामिल करेगा। खरीद में लगभग प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करने की क्षमता है। 100 से अधिक एमएसएमई में फैले 3,000 लोगों तक के लिए 1,500 कर्मियों और अप्रत्यक्ष रोजगार। एचटीटी-40 का अधिग्रहण भारतीय एयरोस्पेस रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देता है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रयासों को बढ़ावा देता है।



## ईडी ने हलाल निवेश योजना धोखाधड़ी मामले में चार्जशीट दाखिल की

**नई दिल्ली,01 मार्च 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने बेंगलुरु की एक विशेष अदालत में इंजाज इंटरनेशनल और उसके सहयोगियों मिस्बाहुद्दीन एस. और सुहैल अहमद शेरिफ के खिलाफ एक मामले में चार्जशीट दाखिल की है। मामला लोगों को हलाल निवेश योजना में निवेश का झांसा देकर ठगने से संबंधित है। आरोपी ने फर्म द्वारा पेश की गई योजना पर उच्च रिटर्न का वादा किया था। हालांकि, वे जमाकर्ताओं द्वारा निवेश की गई मूल राशि को चुकाने में भी विफल रहे। ईडी ने प्राइज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम्स (बैनिंग) एक्ट, भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत इंजाज इंटरनेशनल और उससे जुड़े समूह के खिलाफ बेंगलुरु के विल्सन गार्डन पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग और चिट फंड अधिनियम के तहत जांच शुरू की थी।



ईडी ने कहा, जांच से पता चला है कि इंजाज इंटरनेशनल न तो अपने निवेशकों द्वारा किए गए निवेशों के प्रतिफल को बनाए रखने में सक्षम था, न ही वह पहले से निवेश की गई राशि को चुकाने में सक्षम था। इंजाज इंटरनेशनल ने जनता को अवास्तविक वादा करके निवेश करने का लालच दिया। बाद में उन्हें धोखा दिया और आम जनता की गाढ़ी कमाई कभी वापस नहीं की। ईडी के एक अधिकारी ने कहा कि मिस्बाहुद्दीन एस. और सुहैल अहमद शेरिफ ने 81 करोड़ रुपये अचल संपत्तियों और सहयोगियों द्वारा संचालित अन्य व्यावसायिक संस्थाओं की खरीद में लगाया। मिस्बाहुद्दीन को ईडी ने 15 नवंबर, 2022 को गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।



## राजेश मल्होत्रा ने पीआईबी के नए प्रधान महानिदेशक का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली,01 मार्च 2023(ए)।** भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी राजेश मल्होत्रा ने पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक (डीजी) का पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने सत्येंद्र प्रकाश का स्थान लिया जोकि कल सेवानिवृत्त हो गए थे। वर्ष 1989 बैच के अधिकारी मल्होत्रा वित्त मंत्रालय और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के प्रचार कार्य को संभाल रहे हैं। नई दिल्ली स्थित पीआईबी के प्रधान महानिदेशक को केन्द्र सरकार का मुख्य आधिकारिक प्रवक्ता माना जाता है।

# जम्मू में फिर से उग्रवाद को जिंदा करने की कोशिश

### डोडा के 118 आतंकियों ने पीओके में जमाया डेरा

**जम्मू-कश्मीर ,01 मार्च 2023(ए)।** काफी वक्त पहले ही सेना ने जम्मू संभाग से आतंकवाद को खत्म कर दिया था, जबकि कश्मीर में भी उग्रवाद में काफी ज्यादा कमी आई है। घाटी की ये शांति आतंकी संगठनों को रास नहीं आ रही, ऐसे में सीमा पार से नई साजिश रची जा रही। अब जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक नया खुलासा किया है। जिसके मुताबिक डोडा के 118 आतंकवादी पाकिस्तान और पीओके में स्थित हैं, जिनमें से 10 सबसे ज्यादा सक्रिय हैं। ये आतंकी इलाके में फिर से आतंक फैलाने की कोशिश कर रहे। पुलिस के मुताबिक दो आतंकियों को व्यक्तिगत और दो अन्य को घोषित अपराधी (पीओ) घोषित किया गया है।

मामले में एसएसपी डोडा अब्दुल कयूम ने कहा कि पुलिस ने एक पीओके की संपत्ति भी जब्त कर ली है।



इसके खिलाफ जिले में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ एक डोजियर तैयार किया जा रहा। अभी डोडा के 118 आतंकियों ने पाकिस्तान और पीओके में शरण ले रखी है। वे वहां के युवाओं को आतंकी संगठनों में शामिल करने के लिए उकसा रहे हैं।

एसएसपी के मुताबिक उनकी टीम ने एक की संपत्ति को जब्त कर लिया है और बाकियों के खिलाफ सबूत इकठ्ठा किए जा रहे। इसके बाद उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उनकी नजर अबुख हबीब पर है, जिसे गृह मंत्रालय ने व्यक्तिगत आतंकवादी घोषित किया है। वो आईईडी और ग्रेनेड विस्फोट की कई योजनाओं में शामिल है। वहीं मोहम्मद इरशाद भी इलाके में सक्रिय है और हिजबुल के साथ काम कर रहा। उसे भी व्यक्तिगत आतंकी घोषित किया गया है। उसकी संपत्ति की जानकारी जुटाई जा रही। जल्द ही उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### 11 लोग यूएपीए के तहत जेल में

उन्होंने आगे कहा कि हमने यूएपीए के तहत 11 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की और उन्हें जेल भेजा। आतंकियों ने कुछ लोगों से फोन पर संपर्क किया था और उनका माइंड वॉश करने की कोशिश की, लेकिन वो पुलिस के पास आए। पुलिस ने उनके लिए उचित व्यवस्था की, ऐसे में आतंकी अपने मंसूबों में सफल नहीं हो पाए।

## उमेश पाल हत्याकांडः अतीक अहमद पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**लखनऊ ,01 मार्च 2023 (ए)।** उत्तर प्रदेश में उमेश पाल हत्याकांड को लेकर यूपी सरकार एक के बाद एक कार्रवाई कर रही है। ऐसे में माफिया अतीक अहमद ने सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अतीक अहमद गुजरात जेल से यूपी की जेल में शिफ्ट नहीं होना चाहता, जिसके लिए उन्होंने कोर्ट की शरण ली है। ऐसे में कहा जा रहा है कि जेल में बंद अतीक अहमद को एनकाउंटर का डर सता रहा है। कोर्ट में उसने कहा है कि उत्तर प्रदेश में दर्ज मामले की सुनवाई के लिए गुजरात से बाहर ना भेजा जाए।

दरअसल, यूपी की योगी सरकार ने उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। ऐसे में खबरों की मानें तो माफिया अतीक को फर्जी एनकाउंटर का डर सता रहा है, जिसके लिए पूर्व सांसद अतीक ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए यूपी की जेल में प्रस्तावित ट्रांसफर का विरोध किया है। वकील ने अतीक की सुरक्षा पर सवाल उठाए।



अतीक अहमद अहमदाबाद की साबरमती जेल में बंद है, जिसको यूपी लाए जाने पर सेंट्रल फोर्स की सुरक्षा की मांग की गई है। इससे पहले बुधवार सुबह माफिया अतीक अहमद के करीबी जफर अहमद के प्रयागराज स्थित घर पर बुलडोजर चलाया। जहां से तलवार, पिस्टल और राइफल भी मिली है।

इससे पहले प्रयागराज पुलिस और एसटीएफ के जवानों ने लखनऊ के यूनिवर्सल अपार्टमेंट में गैंगस्टर अतीक अहमद अंसारी के आवासीय परिसर में छापा मारा। दो कारों को जब्त कर लिया गया है और फ्लैट को सील कर दिया गया है।

मालूम हो कि कन्नौज से भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने हाल ही में कहा था कि याद रखो जब विकास दुबे नहीं बचा तो इन दुर्दांतों का क्या होगा। ये बताने की जरूरत नहीं है। अब यदि गाड़ी अतीक की भी पलट जाए तो मुझे कोई आश्चर्य नहीं होगा।

## 7 आईएस सदस्यों को सजा-ए-मौत,1 को आजीवन कारावास

**नई दिल्ली ,01 मार्च 2023(ए)।** लखनऊ की एक विशेष राष्ट्रीय जांच अदालत (एनआईए) की अदालत ने 2017 के कानपुर आतंकी साजिश मामले में आईएस के सात सदस्यों को मौत की सजा और एक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आईएस के सदस्यों पर आईपीसी, यूए (पी), शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने मोहम्मद फैसल, गॉस मोहम्मद खान, मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हुसैन और आसिफ इकबाल उर्फ रॉकी को मौत की सजा सुनाई, वहीं मोहम्मद आतिफ को उम्रकैद की सजा सुनाई। आठ आरोपियों के खिलाफ शुरू में लखनऊ के पुलिस स्टेशन एटीएस में मामला दर्ज किया गया था और बाद में जांच को एनआईए ने अपने हाथ में ले लिया था। इससे पहले एनआईए की जांच में खुलासा हुआ था कि आरोपियों ने कुछ आईईडी तैयार कर उनका परीक्षण किया था और उन्हें उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगाने की कोशिश की थी। उनकी हाजी कॉलोनी (लखनऊ) से एक नोटबुक जब्त की गई थी जिसमें संभावित लक्ष्यों और बम बनाने के विवरण के बारे में नोट्स थे।



जांच में आरोपियों के आईईडी बनाने और यहां तक कि हथियारों, गोला-बारूद और आईएस के झंडे के साथ कई तस्वीरों का पता चला था। एनआईए ने कहा, समूह ने कथित तौर पर विभिन्न स्थानों से अवैध हथियार, विस्फोटक एकत्र किए थे। एक आरोपी आतिफ मुजफ्फर ने यह भी खुलासा किया था कि उसने विभिन्न इंटरनेट स्रोतों से सामग्री एकत्र करने के बाद आईईडी बनाने की तकनीकों पर जानकारी संकलित की थी। जांच में पता चला था कि आतिफ और तीन अन्य, जिनकी पहचान मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हसन और मोहम्मद सैफुल्ला के रूप में हुई है, भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन में लगाए गए आईईडी को बनाने के लिए जिम्मेदार थे। ट्रेन विस्फोट 7 मार्च, 2017 को हुआ था, जिसमें दस लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। इस मामले की जांच भी एनआईए ने की थी और फिलहाल इसका परीक्षण चल रहा है। अधिकारी ने कहा, आईएस समर्थित आपराधिक साजिश मामले में सफलता तब मिली जब मुख्य आरोपी, जिसकी पहचान मोहम्मद फैसल के रूप में हुई, को मार्च 2017 के एमपी ट्रेन विस्फोट में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसके द्वारा किए गए खुलासे से उसके दो सहयोगियों, गौस मोहम्मद खान उर्फ करण खत्री और अजहर खान उर्फ अजहर खलीफा को गिरफ्तार किया गया।

## संपादकीय

### सिसोदिया का काम कौन संभालेगा?

दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन हवाला के मामले में गिरफ्तार होकर जेल गए तो उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उनका काम संभाला था। अब खुद सिसोदिया कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार होकर जेल चले गए हैं तो उनका काम कौन संभालेगा? सत्येंद्र जैन अभी जेल में ही हैं और इस बीच सिसोदिया भी जेल चले गए। दिल्ली सरकार के 33 विभागों में से 18 विभाग अकेले सिसोदिया संभाल रहे थे। उनके पास सारे बड़े और महत्वपूर्ण विभाग थे। वे दिल्ली के वित्त और गृह मंत्री दोनों थे। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडब्लुडी, बिजली सहित लगभग सारे अहम विभाग उन्हीं के पास थे।

सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार में इतनी भूमिका निभाने के साथ साथ वे पार्टी के विस्तार और रणनीति में भी बड़ी भूमिका निभाते थे। जैसा कि उन्होंने खुद कहा है कि वे छह सात महीने तक जेल में रह सकते हैं तो इस बीच पार्टी में उनके बदले राजनीतिक जिम्मेदारी कौन संभालेगा? अगले दो महीने में कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और उसके बाद साल के अंत में कई बड़े राज्यों में चुनाव हैं, जहां आम आदमी पार्टी को ताकत के साथ लड़ना है। सो, उनके जेल जाने से सिर्फ सरकार का कामकाज प्रभावित नहीं होगा, बल्कि पार्टी की राजनीति पर भी असर होगा।

बहरहाल, सवाल है कि क्या सिसोदिया के जेल जाने पर उनकी जिम्मेदारी अरविंद केजरीवाल संभालेंगे? ध्यान रहे केजरीवाल ने अपने पास कोई विभाग नहीं रखा है। वे बिना विभाग के मुख्यमंत्री हैं। लेकिन अब समय है कि वे आगे बढ़ कर सिसोदिया की जिम्मेदारी संभालें। अभी तत्काल सबसे बड़ी जरूरत बजट पेश करने की है। गौरतलब है कि सिसोदिया को सीबीआई ने 19 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया था तब उन्होंने इस आधार पर एक हफ्ते का समय मांगा था कि वे बजट तैयार करने में बिजी हैं। उसके बाद सीबीआई ने उनको एक हफ्ते बाद 26 फरवरी को बुलाया।

बजट का काम उन्होंने पूरा कर लिया है लेकिन उसे पेश कौन करेगा? कई राज्यों में मुख्यमंत्री बजट पेश करते हैं। हाल ही में राजस्थान में अशोक गहलोत ने बजट पेश किया। सो, वित्त मंत्री जेल में हैं तो कायदे से मुख्यमंत्री को बजट पेश करना चाहिए। लेकिन कहा जा रहा है कि शायद केजरीवाल यह जिम्मेदारी भी नहीं निभाएंगे। राज्य सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के बजट पेश करने की संभावना जताई जा रही है। अगर अब भी केजरीवाल दिल्ली सरकार के अहम मंत्रालयों का काम खुद नहीं संभालते हैं तो उन पर सवाल उठेगा। उन पर जिम्मेदारियों से भागने का आरोप लगेगा। कहने की जरूरत नहीं है कि वे सत्येंद्र जैन की तरह मनीष सिसोदिया को भी बिना विभाग का मंत्री बनाए रखेंगे। यानी सरकार के पांच मंत्री बाहर और दो जेल में रहेंगे।

# मातृभाषा:शिक्षा की आधारशिला

भारत एक बहुभाषी देश है। इसके विभिन्न भागों में ढेर सारी भाषाएं बोली जाती हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित बाईस भाषाओं और दस हजार से अधिक वक्ताओं द्वारा बोली जाने वाली निन्यानबे भाषाओं के अलावा, कई अन्य ऐसी भाषाएं एवं मातृभाषाएं हैं जो छोटे भाषाई समुदायों के बीच बोली जाती हैं। यह भारतीय सामाजिक व्यवस्था का एक अंतर्निहित गुण है कि हम कई भाषाओं का उपयोग करते हैं और उसका आनंद लेते हैं। भाषाएं हमें जोड़े रखती हैं। हमारी सारी विविधताएं केवल बाहर से दिखाई देती हैं, लेकिन वास्तव में हम एक हैं। इस विविधता का उत्सव हम एकता में मनाते हैं।

21 फरवरी को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के इस वर्ष के संस्करण में 'बहुभाषी शिक्षा-शिक्षा में बदलाव की जरूरत' विषय पर ध्यान केन्द्रित किया गया। यूनेस्को की नीति के अनुरूप, हम मातृभाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रति अपने दृढ़ विश्वास को दोहराते हैं। यह न सिर्फ सभी स्तरों पर शिक्षा को आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि हमारे देश की समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक एवं ज्ञान परंपराओं के बारे में संपूर्ण जागरूकता को भी विकसित करेगा।

जैसाकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया है, हम बच्चों को उनकी मातृभाषा में शिक्षा के अधिकार का समर्थन करते हैं और इसकी सुविधा प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सामने आने के बाद, इस बात पर बहुत चर्चा हुई है कि शिक्षा देने की भाषा क्या होगी। यहां हमें एक वैज्ञानिक तथ्य को समझना होगा कि भाषा शिक्षा का माध्यम होती है, वह संपूर्ण शिक्षा नहीं है। बहुत अधिक किताबी ज्ञान में फंसे लोग अक्सर इस अंतर को समझने में विफल रहते हैं। बच्चा जिस भी भाषा में आसानी से सीख सके, उस भाषा को ही शिक्षा का माध्यम होना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 बहुभाषावाद को बढ़ावा देने की वकालत करती है और शिक्षण एवं सीखने की प्रक्रिया में भाषा की शक्ति पर प्रकाश डालती है। यह नीति मातृभाषा के उपयोग को शामिल करके आजीवन एक समान शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रयासों में तेजी ला सकती है क्योंकि मातृभाषा पर आधारित बहुभाषी शिक्षा को हमारी शिक्षा प्रणाली का एक प्रमुख घटक होना चाहिए। हम पाठ्यक्रमों और कक्षाओं में मातृभाषाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने के महत्व पर बल देते हैं। लंबे समय तक उपनिवेशीकरण के कारण, हमने भारतीय भाषाओं और उनकी समृद्ध भाषाई परंपराओं की उपेक्षा की है। हमें अपने मन को गुलामी से मुक्त करना होगा, अपने गुलामी के रवैये से छुटकारा पाना होगा और अधिक से अधिक ऊंचाइयों को हासिल करने के लिए अपना रास्ता खुद बनाना होगा। एनईपी 2020 प्रारंभिक बचपन की देखभाल व शिक्षा के सार्वभौमिकरण और सभी भारतीय भाषाओं में सीखने पर जोर देता है।

मातृभाषा संवाद का सच्चा साधन है, जोकि हमारी पहचान का मूल आधार है व हमारे व्यक्तित्व का एक अविभाज्य अंग है और हमें इसे कभी नहीं खोना चाहिए क्योंकि यह हमारे अस्तित्व के समृद्ध सांस्कृतिक ताने-बाने को वहन करता है। आजीवन सीखने के परिपेक्ष्य में और विभिन्न संदर्भों में शिक्षा को बदलने की दृष्टि से बहुभाषावाद की क्षमता अच्छी तरह से स्थापित है। अपनी मातृभाषा में ज्ञान और जानकारी का उपयोग कर पाने या उस तक पहुंच सकने में सक्षम न हो पाना व्यक्तित्व के विकास और बौद्धिक स्वतंत्रता को सीमित कर सकता है। हमें माता-पिता, देखभाल करने वालों और शिक्षकों को अपने बच्चों को मातृभाषा में सीखने की प्रक्रिया में सहायता करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि उनकी मातृभाषा स्कूल की अन्य भाषाओं के साथ-साथ विकसित हो। यह न सिर्फ शिक्षार्थियों को उनकी अपनी भाषा में अकादमिक साक्षरता विकसित करने में सहायता करेगा बल्कि विभिन्न अवधारणाओं को समझने और अन्य भाषाओं को सीखने में भी समर्थ बनाएगा।

भारत की बहुभाषी प्रकृति की दृष्टि से स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करना जरूरी है। विभिन्न अध्ययनों से यह पता चलता है कि स्कूल के पाठ्यक्रमों में कई भाषाओं को शामिल करने को अतिरिक्त भार नहीं माना जाता है। कई अध्ययनों ने यह दर्शाया है कि मातृभाषा के माध्यम से दी गई प्राथमिक शिक्षा बच्चे की संज्ञानात्मक क्षमताओं को सबसे बेहतर तरीके से विकासित करती है और बुनियादी साक्षरता कौशल को अर्जित करने एवं जटिल अवधारणाओं की समझने की प्रक्रिया को सरल बनाती है। दूसरे शब्दों में, अपनी मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे अपने शैक्षिक आधार का निर्माण दूसरी भाषा के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों की तुलना में बेहतर तरीके से करते हैं। शिक्षा के माध्यम के रूप में सिर्फ किसी एक खास भाषा का उपयोग न सिर्फ कई बच्चों को उनकी अपनी मातृभाषा के मामले में निरक्षर बनाता है, बल्कि यह उस खास भाषा में भी निम्नतर स्तर की उपलब्धि को बढ़ावा देता है। स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ देने और शिक्षा में ठहराव आने के मामले में भी भाषा एक प्रमुख कारक है।

हमारे देश के जटिल भाषाई परिदृश्य को स्वीकार करते हुए, हम कक्षा एवं शिक्षार्थियों की भाषा के मामले में प्रवीणता और शिक्षण में उच्च स्तर के कौशल पर ध्यान केन्द्रित करते हुए मातृभाषा-आधारित बहुभाषी शिक्षा व्यवस्था को लागू करने जा रहे हैं। मातृभाषा पर खास जोर देते हुए बच्चों को विभिन्न भाषाओं से परिचित कराया जाएगा, जिसकी शुरुआत बुनियादी स्तर से होगी। संवैधानिक प्रावधानों और लोगों, क्षेत्रों एवं संघ की आकांक्षाओं तथा बहुभाषी शिक्षा एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए, त्रि-भाषा नीति को लागू किया जाना जारी रहेगा। यें तीन भाषाएं, जिनमें मातृभाषाएं और स्थानीय/क्षेत्रीय भाषाएं शामिल होंगी, छात्रों, क्षेत्रों और राज्यों की पसंद पर आधारित होंगी। स्कूली विषयों सहित उच्च गुणवत्ता वाली पाठ्यपुस्तकें मातृभाषाओं में उपलब्ध कराई जायेंगी और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जायेंगे कि मातृभाषा के माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा 'आकांक्षी' बने।

बच्चों के लिए दूसरी भारतीय भाषाओं को सीखना आसान है क्योंकि सभी भारतीय भाषाएं भारतीय भाषा परिवार नाम की एक ही भाषा-परिवार से जुड़ी हैं। भारत की शास्त्रीय भाषाओं को सीखने से साहित्य और भारतीय ज्ञान प्रणालियों के समृद्ध भंडार तक पहुंच संभव हो सकेगी। भारतीय भाषा माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से न सिर्फ भारत में शिक्षा की जड़ें मजबूत होंगी, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता भी मजबूत होगी क्योंकि संस्कृति और भाषा अविभाज्य हैं। मातृभाषा-माध्यम वाली शिक्षा को गति देने और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक उत्प्रेरक साबित होगा। हम भारत की मातृभाषाओं के माध्यम से शिक्षा को समर्थन देने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

**धर्मेंद्र प्रधान**

# उभरती आम आदमी पार्टी पर गिरता भ्रष्टाचार आरोपों का संकट

### सत्येंद्र जैन मनीष सिसोदिया का इस्तीफा

भारतीय राजनीति में आम आदमी पार्टी का कोई बहुत पुराना इतिहास नहीं है। इसका गठन 26 नवंबर 2012 को किया गया । यह पार्टी सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल एवं अन्ना हजारे के लोकपाल आंदोलन से जुड़े बहुत से सहयोगीयों द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर भारतीय संविधान अधिनियम की 63 वर्षगांठ पर गठित की गई थी। अन्ना हजारे भ्रष्टाचार विरोधी जन लोकपाल आंदोलन को राजनीति से अलग रखना चाहते थे जबकि अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगियों ने पार्टी बनाकर चुनाव लड़ने का निश्चय किया। 2013 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में झाड़ू चुनाव चिन्ह के साथ आम आदमी पार्टी भारतीय राजनीति के मैदान में उतरी। आम आदमी पार्टी ने 28 सीटों पर जीत हासिल कर कांग्रेस के समर्थन से दिल्ली में सरकार बनाई और अरविंद केजरीवाल 27 दिसंबर 2013 को दिल्ली के सातवें मुख्यमंत्री बने। 14 फरवरी 2014 को विधानसभा द्वारा लोकपाल विधेयक प्रस्तुत करने के प्रस्ताव को समर्थन ना मिलने के कारण अरविंद केजरीवाल की सरकार ने त्यागपत्र दे दिया। 2015 में हुए चुनाव में केजरीवाल 60 सीटों पर जीत लेकर वापस भारी मतों से दिल्ली के मुख्यमंत्री बने । लगातार हासिल दिल्ली की जीत ,पंजाब के चुनाव और हाल ही में हुए एमसीडी की जीत ने आम आदमी पार्टी को राजनीतिक दृष्टि से एक बड़ा स्थान दिया। वर्तमान समय में बीजेपी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी देश की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में गिनी जाती है। हालांकि एक लंबे समय से कांग्रेस पार्टी की स्थिति डगमगाई हुई है।

आज 28 फरवरी 2023 को मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन द्वारा दिए गए इस्तीफे ने आम आदमी पार्टी की मजबूत स्थिति को हिला दिया है । सत्येंद्र जैन आम आदमी पार्टी के दिल्ली कैबिनेट मिस्टर के रूप में स्वास्थ्य विभाग होम पब्लिक वर्क डिपार्मेंट अर्बन डेवलपमेंट ट्रांसपोर्ट इत्यादि विभाग संभाल रहे थे । मनीष सिसोदिया शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी रहे और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के बाद उनके सभी विभाग भी देख रहे थे । मनीष सिसोदिया से पहले सतेंद्र जैन को करप्शन के मामले में 30 मई 2022 को गिरफ्तार किया गया था। तथाकथित तथ्यों पर आधारित जिस मे 4.81 करोड़ मनी लांड्रिंग स्कैम का मुद्दा शामिल है। मनीष सिसोदिया को सीबीआई द्वारा 26 फरबरी 2023 को शराब पॉलिसी घोटाले में गिरफ्तार किया गया है । यह गिरफ्तारी कितनी सही है यह तो आने वाला समय ही बताएगा । परंतु दोनों मंत्रियों का इस्तीफा अरविंद केजरीवाल द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यह आम आदमी पार्टी के लिए एक भारी नुकसान साबित होगा । दूसरी ओर दोनो मंत्रियों का इस्तीफा पार्टी के मान और आने वाले चुनावों को ध्यान में लेकर किया गया एक अहम फैसला देखा जा रहा है । जनता मे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा मंत्रिमंडल में किए जाने वाले फेरबदल को लेकर जिज्ञासा बनी हुई है।



**केशी गुप्ता**
द्वारका दिल्ली

## होली




आया त्यौहार
बच्चे सभी तैयार
था इंतजार।।
नन्हें बालक
पकड़े पिचकारी
खुश हो जाते।।
पहने टोपी
बनते हैं जोकर
खूब डराते।।
रंग लगाते
लेकर दोनों हाथ
बजाते ताली।।
ढोल बजते
बच्चे सभी झूमते
हर्षित मन।।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम गरियाबंद छत्तीसगढ़

## तुम पावन -पावन हो जाना


सूरज ढले जब मै घर लौटू,
तुम बूँद- बूँद सावन की बन जाना।
मैं भीगू तुम्हारी नेह मेघा में ,
तुम घटा बन बरस जाना।
अमराई में प्रेम गीत लिख,
तुम मेरे प्रेम को परिभाषित करना।
मैं दहके हुए पलाश लेके लौटू,
तुम होली के रंग बन जाना।
मैं रंग लगाऊं जब तुम्हें,
तुम लता सी लिपट जाना।
मैं अधरों में प्यार लिए लौटू,
तुम नयनों से बरसा देना ।
मैं याचक सी मनुहार करुँ,
तुम मेरी स्तुति बन जाना।
मैं पूनम का चाँद बन लौटू,
तुम चांदनी बन जाना।
मैं प्रेम भाव लिए आऊं,
तुम पावन -पावन हो जाना।



**गरिमा राकेश गौतम गर्विता**
कोटा राजस्थान

## होली में तन मन हर अंग रंग लो

होली आई रे कन्हाई रंग
बरसे हर घर अंगना।
कोई लगावे गुलाल मोहे
कोई डार रहा रंगना।
अबीर उड़ा कर
हुड़दंग करे घूम-2 घर अंगना।
छुप-छुप पिचकारी मारे
कहे बना लो सजना।
तन रंग लो मन रंग लो
रंगों से अंग-2 रंग लो।
जी में कोई कसर रहे
न रंग गुलाल से रंग लो।
यौवना में जीवन है
कोरा अंगड़ाई ले भर लो।
होली के बहाने से मोहे
कोई बाहों में भर लो।
भीग रही है ये चूनर मोरी
भीग रही है चोली।
आई है मदमस्त ये
करने आई है देखो होली।
बिना पिये ये झूम रही है
मदमस्तों की टोली।
आँखों में झलक रही है
प्रेम प्यार की बोली।
अंग-2 में आग लगी है
फागुन में जैसे प्यासा।
मन के मीत मिलें होली में
रहें न अब प्यासा।
प्यार भी बरसे रंग
संग में होली पर है आशा।
विरहन की यह प्यास
बुझे यही एक अभिलाषा।
आओ कृष्णा रंग खेलें संग-संग
रास रचाओ।
गोपियों पर रंग डालो
राधा संग रास रचाओ।
छेड़ो प्रेम राग होली में
मुरली मधुर बजाओ।
ग्वाल बाल संग सब
मिलके त्यौहार मनाओ।
होली आई रे कन्हाई रंग
बरसे हर घर अंगना।
कोई लगावे गुलाल
मोहे कोई डार रहा रंगना।
तन रंग लो मन रंग लो रंगों से
अंग-2 रंग लो।
जी में कोई कसर रहे
न रंग गुलाल से रंग लो।



**डॉ. विनय कुमार श्रीवास्तव**
प्रतापगढ़ सिटी,उत्तरप्रदेश

## अडानी और जेपीसी

भारत की आजादी के 75 सालों में सिर्फ आठ बार संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन करना पड़ा है। वैसे विभिन्न मंत्रालयों की संसदीय स्थायी समितियों की व्यवस्था भी है। उनमें भी कई राजनीतिक दलों के सांसद होते हैं और सबसे वरिष्ठ सांसद को समिति का अध्यक्ष तय किया जाता है। स्थायी समितियां भी मंत्रालयों के भीतर की गतिविधियों और मंत्रालय से जुड़े विषयों का अध्ययन करती हैं और सरकार को सचेत करते हुए सुझाव भी देती हैं। संयुक्त संसदीय समिति किसी अपराध या घोटाले की साझा जांच करती है। जांच के दौरान वह देश के प्रधानमंत्री को भी तलब कर सकती है। यह एक अदालत का भी विशेषाधिकार है। प्रधानमंत्री रहते हुए पीवी नरसिंह राव को एक कथित आपराधिक मामले में अदालत ने अभियुक्त घोषित किया था। बहरहाल ताज़ातरीन संदर्भ अडानी समूह की कंपनियों के बही-खातों में कथित हेराफेरी, फर्जी और बेनामी कंपनियों के निवेश और प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका से जुड़ा है। अभी तक कोई आपराधिक केस दर्ज नहीं किया गया है। देश की स्वायत्त नियामक एजेंसियों ने भी किसी तरह के घोटाले की ओर संकेत नहीं किया है, लेकिन कांग्रेस समेत विपक्ष का एक तबका लगातार जेपीसी की मांग कर रहा है। क्या एक विदेशी, जालसाज, सटोरिया कंपनी की रपट पर जेपीसी का गठन करना मुनासिब है? यह यक्ष प्रश्न हमारी व्यवस्था और देश के सामने मौजूद है। दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान बोफोर्स तोप घोटाले और कथित दलाली के आरोप लगे थे। हालांकि एक विदेशी रेडियो ने अपनी ख़बर में यह खुलासा किया था, लेकिन तत्कालीन वित्त मंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और कुछ अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री के खिलाफ बगावत की थी और यह मुद्दा उठाया था। इंडियन एक्सप्रेस और हिंदू सरीखे प्रतिष्ठित अखबारों ने भी रपटें छापी थीं, नतीजतन पहली बार अगस्त, 1987 में जेपीसी का गठन किया गया। दूसरी बार 1992 में हर्षद मेहता, केतन पारिख वाले बैंकिंग लेन-देन की अनियमितताओं पर जेपीसी गठित की गई। 2001 में स्टॉक मार्केट घोटाले के मद्देनजर जेपीसी की जांच कराई गई। एक निजी संगठन के अनुसंधान पर आधारित सॉफ्ट ड्रिंक्स और अन्य पेय पदार्थों में कीटनाशक के मामले में 2003 में जेपीसी का गठन करना पड़ा। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 2जी स्पेक्ट्रम घोटाले और 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर खरीद मामले में 2011 में जेपीसी बिठाई गई। यह दीगर है कि अदालत ने 2जी का मामला ही खारिज कर दिया। अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी के साथ हेलीकॉप्टर करार की जांच अब भी जारी है। उसके बाद मोदी सरकार के दौरान 2015 में भूमि अधिग्रहण पुनर्वास बिल और 2016 में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के मामलों में जेपीसी का गठन किया गया। सभी जेपीसी जांचों के बावजूद ऐसा कोई ठोस और प्रत्यक्ष फैसला या निष्कर्ष सामने नहीं आया, जो भारत सरकार के खिलाफ हो अथवा हमारी स्थापित व्यवस्था को बदल सके। अधिकांश जांचें बेनतीजा ही रहीं।

**अजय दीक्षित**

# अस्तित्वहीन संयुक्त राष्ट्र संघ,बाहुबली अमेरिका सहित नाटो देशों का हिमायती

रूस यूक्रेन युद्ध के 100 दिन गुजर जाने के बाद अरबों रुपए के माल की हानि और लाखों लोग बेघर तथा जान गवाने के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ में नेपथ्य में अपने अस्तित्व की तलाश में घूमता नजर आ रहा है। अमेरिका तथा यूरोपीय देश रूस के खिलाफ खुलकर धन तथा सामरिक अस्त्र शस्त्र लगातार यूक्रेन को प्रदान कर रहे हैं दूसरी तरफ इन्हीं बाहुबली देशों के इशारे पर यूएनओ रूस पर नाना प्रकार के प्रतिबंध लगा चुका हैद्य संयुक्त राष्ट्र संघ अब अस्तित्वहीन हो चुका है। अभी भी अमेरिका सहित नेटो देश यू,एन,ओ,को अपने स्वार्थ के हिसाब से संचालित करते आ रहे हैं।रूस युक्रेन युद्ध में युद्ध रोकने यू,एन,ओ, रूस के सामने गि गि । कर अपील करता रहा, पर रूस के कान में जूं तक नहीं रेंगी उल्टा हमले और तेज कर दिए।यू,एन,ओ, की हामियत प्रायः न्यून होती जा रही है।

वैश्विक शांति सद्भावना और सौहार्द्र के लिए वैश्विक देशों ने एक मत हो कर परमाणु अप्रसार संधि पर 1970 में लगभग विश्व के सारे देशों ने अपनी मुहर लगाई थीद्य विश्व के 191 देशों ने अपनी सहमति जताकर परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए थेद्य यह इस परमाणु संधि का मूल् आदर्श यही था कि मानव जाति के लिए हर संभव परमाणु हथियारों और इस खतरनाक तकनीक के प्रचार प्रसार को रोकना थाद्य जिन देशों के पास परमाणु हथियार नहीं थे वह भी इस संधि में शामिल हो गए थे पर परमाणु हथियार संपन्न देश भी इस बात से सहमत हैं कि परमाणु हथियार बनाने एवं इसके उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण लगेद्य द्वितीय युद्ध में हिरोशिमा और नागासाकी पर अणु, परमाणु बमों का भयानक परिणाम जापान में पूरी दुनिया के लोग देख चुके थे ,अनुभव कर चुके थे ।जापान इसके दुष्परिणाम अभी तक झेल रहा हैद्य परमाणु हथियारों का उपयोग मानव जाति के खिलाफ ना किया जाए इसके लिए परमाणु अप्रसार संधि की कवायत यूनाइटेड नेशंस ऑर्गेनाइजेशन की गई थीद्य अब जब संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव रूस के राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेन्सकी से भेंट कर रूस यूक्रेन युद्ध को रोकने की मध्यस्थता करने रूस के दौरे पर जाएंगे, पर संयुक्त राष्ट्र संघ शांति स्थापना के देश में कितना सफल होगा यह तो वक्त ही बताएगा । 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना के बाद अनेक देश परमाणु हथियार संपन्न बन चुके हैं ।परमाणु तथा हाइड्रोजन बमों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई हैद्य उल्लेखनीय है कि इन संधियों को युद्ध से बचने और शांति स्थापित करने के प्रयास के लिए वैश्विक स्तर पर निर्मित किया गया था ।अब रूस तथा यूक्रेन युद्ध में उसकी कहीं भी कोई भूमिका दिखाई नहीं देती ,सभी संस्थाएं निष्क्रिय प्रतीत होती हैंद्य कमजोर और छोटे देश यूक्रेन पर पिछले 60 दिनों से रूस लगातार आक्रमण कर उसके शहरों को तबाह कर रहा है, संयुक्त राष्ट्र संघ सहित विश्व के सारे देश हाथ में हाथ धरे बैठे इस भीषण युद्ध को सिर्फ देख रहे हैं। इसे रोकने की किसी ने पहल तक नहीं की है।ऐसे में इन संधियों की प्रासंगिकता भी लगभग शून्य हो चुकी हैद्य यूक्रेन को अपनी उस बड़ी गलती का एहसास हो रहा है जो 1994 में उसने बुडापेस्ट समझौते के तहत परमाणु हथियार नहीं बनाने के लिए वचनबद्ध होकर हस्ताक्षर करके की थीद्य अमेरिका यूरोपीय देश तथा रूस ने यूक्रेन को परमाणु हथियारों से दूर रखने की नीति पर काम किया था, जिसके फलस्वरूप यूक्रेन ने अपने पास मौजूद तमाम परमाणु हथियारों को इस बुढापेस्ट समझौते के तहत 1996 में नष्ट कर दिए थे। यूक्रेन रूस तथा अमेरिका और यूरोपीय देशों के दबाव में 1996 में जेनेवा सम्मेलन में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि के तहत हस्ताक्षर किए थे। भारत ने इस परमाणु संधि पर हस्ताक्षर करने से साफ इंकार कर दिया था और भारत सरकार की देखा देखी पाकिस्तान ने भी हस्ताक्षर नहीं किए थे। उस समय की यह नीति अत्यंत भेदभाव पूर्ण थी जिसके परिणाम अब साफ नजर आ रहे हैं। यूक्रेन के पास यदि आज परमाणु हथियार होते तो रूस इस तरह उस पर ताबड़तोड़ हमले न करता और रूस ने इस युद्ध में परमाणु हथियारों की उपयोग की धमकी तक दे डाली है यह अलग मुद्दा है कि रूस परमाणु हथियारों का कब और कैसे इस्तेमाल करेगा।

भारत ने पहला परमाणु परीक्षण प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में 1974 में राजस्थान के पोखरण में कराया था और तब से दुनिया ने समझ लिया है कि भारत भी एक परमाणु संपन्न देश बन चुका है एवं इस दिशा में 1998 में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में फिर से परमाणु परीक्षण कर इस पर मुहर लगा दी गई थी । भारत ने परमाणु हथियार बनाने के साथ-साथ प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने एक नीति विश्व के सामने स्पष्ट कर दी थी कि परमाणु हथियार केवल निरोध के लिए है और भारत केवल प्रतिशोध की नीति को अपनायगा इसका साफ साफ यह मतलब है कि भारत पहले परमाणु हमला नहीं करेगा और यदि कोई देश उस पर हमला करता है तो वह परमाणु हथियारों का उपयोग करने से पीछे नहीं हटेगा।

इधर परमाणु संपन्न देशों की महत्वाकांक्षाओं ने में नई करवट ली है। उत्तर कोरिया के सनकी सम्राट किम जोंग ने अपने परमाणु हथियारों से अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान को समूचा नष्ट करने की धमकी तक दे डाली है और अमेरिका उत्तर कोरिया को पूरा नष्ट करने की ठान चुका है। इसी तरह चीन ने समुद्री निगरानी करने के बहाने अपनी परमाणु पनडुब्बियों को समुद्र में उतारने का फैसला भी लिया है। परमाणु हथियारों के उपयोग का खतरा अभी भी वैश्विक जगत में छाया हुआ है क्योंकि परमाणु अप्रसार संधि में अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, भारत, पाकिस्तान, इसराइल और उत्तर कोरिया ने हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है। फल स्वरूप परमाणु हथियारों के उपयोग की आशंका बनी हुई। संयुक्त राष्ट्र संघ एक कमजोर मध्यस्थ की तरह सबकी तरफ ताक रहा है। वर्तमान समय में अमेरिका के पास 6800, फ्रांस के पास 300 चीन के पास 260 ब्रिटेन के पास 215 पाकिस्तान के पास 140 और भारत के पास 110 इजराइल के पास 80 और उत्तर कोरिया के पास 10 परमाणु हथियार है। एक भी देश यदी परमाणु हथियार इस्तेमाल करता है तो पूरा विश्व और धरती तहस-नहस होने की दिशा में अग्रसर हो सकती है। विश्व बहुत गहरे संकट में है रूस यूक्रेन युद्ध यदि समाप्त नहीं हुआ तो विश्व युद्ध की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

# आधुनिकता वरदान या अभिशाप

प्रगति सब ही क्षेत्र में आवकारदाय है।प्रहलें हम पैदल या बैल गाड़ियों,घोड़ा गाड़ियों आदि में प्रवास करते थे।धीरे धीरे बसें ट्रेन आई फिर उनका आधुनिकतम रूप आया।अब तो हवाई जहाज़ के साथ साथ बुलेट ट्रेन आदि भी उपयोग में प्रवास करना उपलब्ध है।इतनी प्रगति करने के लिए हम ने बहुत कुछ खोया है। पहले हम प्रकृति के बहुत पास थे जिससे स्वास्थ्य, मानसिक और शारीरिक सही रहता था।संतुष्टि की भावनाएं अधिक थी किसी किस्म की कडी प्रतिस्पर्धा नहीं थी।सब चीज अपने ही शहर और गांव में बनती थी तो उसके लिए किसी किस्म ट्रांपोर्टेशन की जरूरत नहीं पड़ती थी।गांव या शहर की सभी जरूरतें स्थानिक उत्पादों एसडी पूरी हो जाया करती थी।जरूरतें भी सीमित थी,कोई फालतू खर्च करने में मानता नहीं था। ज्यादा वाहनों के चलने से प्रदूषण बढ़ता हैं जो उस वक्त कम या नहीवत था।सादा रेहनसहन और उम्दा विचारों और आस्था का जमाना था।इतनी प्रगति करके हमने बहुत भौतिक सुख तो पा लिया लेकिन मन की शांति और चैन को खो दिया है। जिससे आजकल मनोचिकित्सकों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है।मानवी मानसिक तौर पर अपाहिज सा हो गया हैं।

पहले घरका बना पौष्टिक खाना खाया करते थे।महिलाएं घर की सारी जिम्मेवारी उठाया करती थी और मर्द बाहर के कामों के संग कमाई के लिए जिम्मेवार हुआ करते थे।अब आर्थिक कार्यों में स्त्री भी हिस्सा लेने लगी है तो गृहव्यवस्था डगमगा सी गई हैं।आर्थिक रूप से सक्षमता बढ़ने की वजह से बेहिसाब खर्च और उन खर्चों को पूरा करने अधिक आमदनी के लिए दौड़ भाग से स्वास्थ्य संबंधित प्रश्नों में बढ़ोतरी होती जा रही है।आदमी यंत्रवत कमाने की होड़ में लग गया है। भावशुन्यता बढ़ती जा रही है,औपचारिकता बढ़ती जा रही है।भौतिक सुखों के पीछे रिश्तों की बलि चढ़ाई जा रही है। इन हालातों में शारीरिक तकलीफें बढ़ती जा रही है,में नई नई बीमारियों के नाम सुनाई दे रहे है।मेडिकल साइंस ने भी बहुत प्रगति की हैं,नए नए जोकर्ण और दवाइयों के अविष्कार से निंदगिया बचा लो जाती है लेकिन कभी कभी तो जिंदगी को लंबा खिंच ने के चक्कर में बीमारों की जिंदगी को सिर्फ खींचा जाता है जिसमे जीवन कम और मौत ज्यादा नजर आती है।

आधुनिक बनने के चक्कर में अपने संस्कार और संस्कृति का हनन हो रहा है।अंधे अनुकरण के चक्कर में नैतिक पतन की और अंधाधुंध दौड़ लग गई है।शादी जैसे सामाजिक संस्कार को भूल लोग बिनब्याहे ही अपनी सहूलियत के हिसाब से साथ रहते है।ये गृहस्थी की परिभाषाएं बदल ने ओर तुले समाज की अवनति या उन्नति माना जाएं ये यक्ष प्रश्न बन गया है।

अगर सभी आयामों को मद्दे नजर रखें तो भौतिक मामलों की प्रगति वरदान से लगते है।आराम की जिंदगी कोई पहले जैसे शारीरिक श्रम के बिना सुविधाओं से भरी जिंदगी मिली है,आधुनिकता में किंतु नैतिक और भावनात्मक पतन की और जिंदगी को ले जाया जा रहा है।दुनिया में बढ़ते परिवहन की वजह से सभी देश बहुत नजदीक आएं,एक दूसरे देश के संशोधन के साथ वहां के रीती रिवाजों का आना सामान्य बात है किंतु अपने संस्कारों को छोड़ उन्हे अपना लेना हमारी गलती ही नहीं मूर्खता का प्रमाण है।जो देश सदियों की गुलामी के बाद जिस संस्कारों को बनाएं रख सका उसी देश में पश्चात संस्कारों का अतिक्रमण संस्कृति का नाश करने के लिए पर्याप्त है।

अब ये आपकी निजी सोच पर आधारित है कि आधुनिकता या प्रगति वरदान है या अभिशाप।मेरे हिसाब से तो भौतिक प्रगति वरदान तो है किंतु सामाजिक,भावनात्मक आदि दृष्टि से ये घोर अभिशाप है।



**जयश्री बिर्मी**
अहमदाबाद गुजरात

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# रायपुर में आयोजित यूथ-20 कार्यक्रम में शामिल हुए सरगुजा स्थित कॉलेजों के युवा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ-20 कार्यक्रम के तहत 20 फरवरी को जिला स्तरीय सेमिनार भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय से कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉक्टर एसएन पांडेय, जिला संगठक डॉ. खेमकरण अहिरवार, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसके श्रीवास्तव की उपस्थिति में भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसका विषय था नशा मुक्त भारत युवाओं का स्वपन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का विषय संपूर्ण स्वास्थ्य में पारंपरिक चिकित्सा एवं योग। उक्त कार्यक्रम के भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सृष्टि पांडेय बीकॉम तृतीय वर्ष केआर टेक्निकल कॉलेज अंबिकापुर, द्वितीय स्थान रिषभ कुशवाहा बीए प्रथम वर्ष साईं बाबा आदर्श महाविद्यालय अंबिकापुर, तृतीय स्थान विशाल तिर्की बीएससी द्वितीय वर्ष राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर तथा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कविता पैकरा बीएससी प्रथम वर्ष शासकीय महाविद्यालय बतौली, द्वितीय स्थान आकांक्षा टोप्पो बीएससी द्वितीय वर्ष राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर तृतीय स्थान अंजली सिंह बीएससी साईं बाबा आदर्श महाविद्यालय अंबिकापुर ने प्राप्त किया।




उक्त प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार के नेतृत्व में युवा 20 कार्यक्रम के तहत 25 फरवरी को भारतीय प्रबंध संस्थान आईआईएम रायपुर में आयोजित युवा 20( वाई 20) कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ। जिसमें देश-विदेश से आए हुए मेहमानों के साथ पैनल डिस्कशन हुआ। युवा 20 में कार्य का भविष्य, उद्योग, नवाचार और 21वीं शताब्दी में शांति स्थापना और मेल मिलाप, युद्ध मुक्त युग में प्रवेश, जलवायु परिवर्तन, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, सांझा भविष्य- लोकतंत्र में युवा और शासन, स्वास्थ्य कल्याण और खेलकूद। युवाओं हेतु एजेंडा 5 थीम रखी गई थी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं से संवाद स्थापित किया। सभी कार्यक्रमों में सरगुजा के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विदेशी मेहमानों के साथ संवाद किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न उद्योगों के स्टाल एवं कलाकृतियों का अवलोकन किया। सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय प्रबंध संस्थान रायपुर द्वारा स्मृति चिन्ह एवं सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# शराब में मिलावटखोरी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता युवा मोर्चा सरगुजा के द्वारा जिले के शासकीय शराब की दुकानों में मिलावटखोरी की शिकायत के संबंध में कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा जैसा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार एक इलेक्ट्रानिक मीडिया के फेसबुक चैनल द्वारा अम्बिकापुर गाड़ाघाट शासकीय शराब दुकान में जो कि छ.ग. शासन द्वारा संचालित है जहां पर एक रिपोटिंग की गई जिसमें यह स्पष्ट तौर पर रिफेक्टो मीटर के माध्यम से पत्रकार द्वारा दर्शाया गया कि शराब की बोतलों में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार एल्कोहल की मात्रा नहीं पाई गई जो कि शासकीय शराब की दुकानों में बिहार, झारखण्ड से आये लोग जो पूर्व में प्राईवेट दुकानों में रहकर कार्य कर चुके है, उन्ही को यहां भी फर्जी डाक्यूमेट के आधार पर रखकर मिलावटखोरी का कार्य जिला आबकारी अधिकारी व अन्य स्टाफ के संरक्षण में जोरों से चलाया जा रहा है जो कि निंदनीय है व इससे प्रतिदिन करोडों रूपये राजस्व का नुकसान छ.ग. शासन को हो रहा है। ज्ञापन सौपते वक्त भाजयुमो प्रदेश महामंत्री अंकित जायसवाल, जिला महामंत्री संजीव वर्मा, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख अभिषेक प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष रोचक गुप्ता, शानु कश्यप, सिकन्दर जायसवाल, जिला मंत्री विकास शुक्ला (चंदन), अमित दुबे, मण्डल अध्यक्ष निशान्त सिंह शोलू, रवि सोनी, मार्कण्डेय तिवारी, वेदान्त तिवारी, सौरव सिंह, भोलू सिंह, प्रिन्स तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# बालमेला का मुख्य उदेश्य छात्र-छात्राओं को अनुभवात्मक शिक्षण से जोडना'

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



विकासखंड अम्बिकापुर शिक्षा विभाग व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में जोन स्तरीय गांधीनगर, विशुनपुर व अजिरमा में बालमेला का आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय गांधीनगर में किया गया। बाल मेला में पार्षद एवं एमआईसी सदस्य द्वितेंद्र मिश्र, सहायक संचालक आशीष दुबे, योगेंद्र तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोपाल कृष्ण दुबे, एबीईओ बीडी सिंह, प्राचार्य राजकुमार यादव, संकुल गांधीनगर, विशुनपुर व अजिरमा के संकुल शैक्षणिक समन्वयक निरंजन विश्वास, आद्रियन कुजूर व विक्रम सिंह सहित विकासखंड के सभी संकुल शैक्षणिक समन्वयक व शिक्षक शामिल हुए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस बालमेला का मुख्य उदेश्य छात्र-छात्राओं को अनुभवात्मक शिक्षण से जोडना है। उन्होंने बताया कि बाल मेले में विभिन्न कॉर्नर द्वारा बच्चे स्वयं के अनुभव के साथ अपना ज्ञान वर्धन करेंगे। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य राजेश एवं सुजीत ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करता है।

# नैक टीम के मूल्यांकन में गर्ल्स कॉलेज अंबिकापुर को मिला 'ए' ग्रेड

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाक के शासकीय कालेजों में (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) नैक की टीम ने ग्रेडिंग के लिए निरीक्षण किया गया था। इसमें अंबिकापुर के शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय को %ए' ग्रेड मिला है। इससे महाविद्यालय के साथ-साथ पूरे संभाग का नाम भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित किया है।



महाविद्यालय के प्राचार्य ज्योति सिन्हा ने बताया कि महाविद्यालय की यह उपलब्धि एकाएक नहीं मिली है। महाविद्यालय निरन्तर विकास पथ पर अग्रसर रहा है। पहली बार मूल्यांकन में %सी% ग्रेड मिला, दूसरी बार बी प्लस' ग्रेड मिला था। इसके बाद वर्ष 2023 में जब जीसरी बार सरगुजा संभाक के शासकीय कालेजों में (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) नैक की टीम ने ग्रेडिंग के लिए निरीक्षण किया गया था। इसमें ए ग्रेड मिला है। उन्होंने इसे सर्वांगीण विकास को छुता हुआ जीता-जागता उदाहरण बताया है। नैक द्वारा मूल्यांकन का आधार महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों, शैक्षणिक परिवेश, अनुशासन, परीक्षा परीणाम और महा विद्यालयीन प्रबंधन होता है। इन सभी क्षेत्रों में उच्च शिखर को प्राप्त महाविद्यालय को ए ग्रेड मिलता है। नैक पीयर टीम ने काफी सूक्ष्मता और गहराई से इन बिंदुओं का अवलोकन किया गया था।

प्राचार्य ज्योति सिन्हा ने आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी स्पोर्ट्स ऑफिसर जॉन पीटर टोप्पो, ग्रंथपाल जितेन्द्र गुप्ता, नैक प्रभारी डॉ. ऐजेन टोप्पो, प्रियंका सिंह चंदेल सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी), डॉ. आनन्द कुमार, सुनील कुमार गुप्ता एवं समस्त क्राइटेरिया प्रभारी के प्रति आभार व्क्त किया कि। उन्होंने अपने अथक्य प्रयास से महाविद्यालय को ए ग्रेड का गौरव प्राप्त करने का अवसर प्रदान हुआ है।

# सेवानिवृत महिला प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक को दी गई विदाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस में पदस्थ महिला प्रधान आरक्षक सुभाषिनी मिंज एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ आरक्षक इगनासियुस मिंज के सेवानिवृत होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसपी विवेक शुक्ला द्वारा विदाई दी गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने महिला प्रधान आरक्षक सुभाषिनी मिंज एवं आरक्षक इगनासियुस मिंज से उनकी कार्यकाल के बारे में जाना एवं सेवाकाल के दौरान किए गए अच्छे कार्यो से अवगत कराया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरगुजा पुलिस आप दोनों के उज्जवल भविष्य का कामना करता हैं साथ ही पुलिस विभाग से जुड़े दिनचर्या के बाद सेवानिवृत होने के पश्चात स्वस्थ्य एवं सुरक्षित दिनचर्या का पालन करें और निरंतरता बनाय रखे, समाज मे आप जैसे अनुशासित नागरिकों की आवश्यकता हैं, आप उसे परिपूर्ण करें।सेवानिवृत महिला प्रधान आरक्षक एवं सेवानिवृत आरक्षक से उनके परिवार के सदस्यों कि जानकारी ली गई एवं विभागीय अनुभव को साझा कर आगे भी सरगुजा पुलिस के साथ मिलकर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया, साथ ही कार्यालयीन स्टाप को जल्द सभी कार्यवाही पूर्ण कर सभी देयताय पूर्ण करने एवं पेंशन की प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सेवनिवृति सम्मान समारोह के दौरान पुलिस अनुविभागिय अधिकारी (ग्रामीण) अखिलेश कौशिक,रक्षित निरीक्षक जयराम चरमाको,मुख्य लिपिक सुरेश गुप्ता, रीडर अजीत मिश्रा, रिकॉर्ड शाखा प्रभारी विश्वनाथ सिंह पैकरा समस्त कार्यालयीन स्टाप शामिल रहे।



# गोंगपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर मरकाम के आगमन पर किया गया भव्य स्वागत किया

- संवाददाता -
प्रतापपुर,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सूरजपुर जिला इकाई के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर मरकाम के ग्राम पंचायत भेड़िया में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया है उनके साथ छत्तीसगढ़ के प्रदेश उपाध्यक्ष पनव नेटी का भी हल्दी चावल, फूल मालाओं से स्वागत किये हैं इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार से प्रदेश कीं आम जनता पूरी तरह त्रस्य है, युवाओं को नॉकरी, रोजगार नहीं मिल रही है, बेरोजगारी संख्या बड़े स्तर पर है देश प्रदेश में महंगाई चरम सीमा से ज्यादा है प्रदेश में अराजकता फैली हुई है प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है और आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक आ गया है सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करें।और लोगों को ज्यादा से ज्यादा पार्टी सदस्य बनाए, वहीं युवा - युवती किसान, मजदूर, आम जनता गोंगपा के विचार धारा से जुड़िए। पार्टी के विचार धारा को गांव से लेकर शहर तक आम जनता तक पहुँचना है । इस दौरान सम्भागीय सचिव राजकुमार पोया, कार्यवाहक अध्यक्ष देवसाय पोया, जिला महासचिव चंद्रदीप कोर्चो, कमान मराबी, नर्मदा सिंह मराबी, शिवशंकर पोया, मंजूषा सिंह पोया एवं अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# शिक्षा समिति की बैठक नही होने से नराज जनपद उपाध्यक्ष कलेक्टर से करेंगे शिकायत

- सोनू कश्यप -
प्रतापपुर,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

जनपद पंचायत प्रतापपुर में शिक्षा समिति की बैठक नहीं होने से नाराज जनपद उपाध्यक्ष



ज्योति संजू श्रीवास्तव ने नाराजगी की व्यक्त करते हुए कलेक्टर सूरजपुर से शिकायत करने की बात कही है जनपद उपाध्यक्ष ने बताया कि जब से जनपद पंचायत नवीन गठन हुआ है तब से लेकर अब तक केवल एक बार ही शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई है उसके बाद कोई बैठक आयोजित नहीं की गई है शिक्षा समिति की बैठक आयोजित करने के लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी को कई बार पत्र भी लिखकर बैठक आयोजित करने कहा गया लेकिन उनके द्वारा कोई बैठक आयोजित नहीं की गई है जिससे शैक्षिक गतिविधि योजनाओं का सुचारू रूप से संचालन नहीं हो रहा है जिससे नाराज जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने बीईओ पर नियमित बैठक न बुलाने और किसी भी मुद्दे की जानकारी नहीं होने और किसी तरह की तैयारी व एजेंडे के साथ बैठक न बुलाने का आरोप ने लगाया है जनपद के कई स्कूलों में आलमारी, फर्नीचर सहित अन्य सामग्रियां गुणवत्ताहीन स्थिति में पहुंचाई जा रही हैं। इसकी जानकारी संबंधित शिक्षा अधिकारियों को भी नहीं है। पूर्व में भी शिक्षा विभाग से जुड़े कई मामलों को संज्ञान में लाया गया था। बीईओ की ओर से कारवाई की कोई पहल नहीं की गई है।



# राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए खुशबू गुप्ता का चयन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिला नेटबाल संघ की राष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू गुप्ता का चयन छत्तीसगढ़ महिला नेटबाल टीम में किया गया है। 40 वीं राष्ट्रिय नेटबॉल प्रतियोगिता नागपुर में 1 से 4 मार्च 2023 तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश से महिला व पुरुष टीम सम्मलित होगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने खुशबू गुप्ता का राष्ट्रीय प्रतियोगिता नागपुर के लिए चयन होने पर बधाई दी है। सरगुजा जिले में नेटबाल खेल का प्रशिक्षण विगत पांच वर्षो से चल रहा है।

# कलेक्टर ने किया गोठान एवं सड़क निर्माण कार्य निरीक्षण





- संवाददाता -
अम्बिकापुर,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने बुधवार को लखनपुर विकासखण्ड के कुवंरपुर गोठान में रीपा अंतर्गत विभिन्न संरचनाओं के निर्माण कार्य तथा अम्बिकापुर-उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग नव निर्माण अंतर्गत में कुवंरपुर जलाशय के पास निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवता पर जो देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवता में कोई समझौता न करें तथा विशेष ध्यान रखें। इस दौरान निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर आरईएस के एसडीओ एवं सब इंजीनियर कारण बताओ सूचना जारी करते हुए एक सप्ताह में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कुवंरपुर गोठान में रीपा (महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क) अंतर्गत औद्योगिक ईकाईयों के स्थापना हेतु भवन एवं शेड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य तकनिकी अधिकारियों को राज्य शासन की मंशानुसार ग्रामीण आजीविका संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए गोठान में विभिन्न संरचनाओं के निर्माण में गुणवता का विशेष ध्यान रखे तथा समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि गुणवता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही भी की जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न निर्माण कार्यों से संबंधित बोर्ड भी लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने इसके पश्चात कुवंरपुर जलाशय के पास राष्ट्रीय राजमार्ग के नव निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मानव संसाधन तथा मशीनरी की संख्या बढ़ाकर तेजी से निर्माण कराएं। उन्होंने वाटर प्रूफिंग टेक्नॉलोजी से पुलिया का निर्माण करने के साथ-साथ रोड में अनियंत्रित गढढ़ो का समतलीकरण, पानी छिड़काव तथा दुर्घटना से बचने सड़क में रेडियम साईनेज बोर्ड लगवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अम्बिकापुर से शिवनगर तक पैच निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, तहसीलदार श्रीमती गरिमा ठाकुर, जनपद सीईओ श्री वेदप्रकाश पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता श्री नितेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# डिगमा का पंचायत सचिव निलबित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में रूचि नहीं लेने तथा गोबर से वर्मी कम्पोस्ट खाद का रूपांतरण बहुत कम होने के कारण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत डिगमा के पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है।

जारी आदेश में कहा गया है कि गोधन न्याय योजना के तहत डिगमा गोठान में 475 क्विंटल गोबर खरीदी की गई एवं 10 क्विंटल वर्मी खाद का निर्माण किया गया। गोबर ख़रीदी के विरुद्ध खाद का रूपांतरण मात्र 2 प्रतिशत है। पंचायत सचिव श्री शकील अहमद को गोबर खरीद व वर्मी खाद निर्माण में प्रगति लाने नोटिस जारी किया गया था। पंचायत सचिव द्वारा नोटिस मिलने के बावजूद गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में रुचि नही ली जा रही थी। शासन की महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में रुचि नहीं लेने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उक्त पंचायत सचिव का मुख्यालय जनपद पंचायत अम्बिकापुर निया किया गया है तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।



# जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत मिषन परिवार विकास पखवाड़ा जागरूकता रथ को एवं सिविल सर्जन डॉ0 आर.एन.गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर समस्त विकासखण्डों में प्रचार-प्रसार हेतु रवाना किया। पखवाड़ा आयोजन 1 से 15 मार्च 2023 तक किया गया जा रहा है। 1 से 6 मार्च तक प्रथम चरण में दम्पत्ति संपर्क पखवाड़ा एवं 7 से 15 मार्च तक द्वितीय चरण में सेवा प्रदायगी दिया जाएगा।

पखवाड़े के दौरान आमजन में जागरुकता लाने के लिए सही उम्र में शादी, शादी के बाद कम से कम 2 साल के बाद पहला बच्चा, दो बच्चों में कम से कम 3 साल का अंतराल व प्रसव के बाद या गर्भपात के बाद परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों पर जोर दिया जाएगा। परिवार नियोजन सेवा सप्ताह के दौरान प्रथम रेफरल इकाइयों में नसबंदी शिविर का आयोजन किया जाएगा। नोडल अधिकारी डॉ. रोजलीन एक्का ने बताया कि संस्थागत प्रसव के बाद लगभग 60 प्रतिशत व सुरक्षित गर्भपात के बाद लगभग 90 प्रतिशत दंपतियों में परिवार नियोजन की मांग है। इसे ध्यान में रखते हुए अभियान के दौरान प्रसव के बाद महिला नसबंदी एवं कॉपर टी संस्थापन पर विशेष बल दिया जाएगा। इसके लिए प्रसव कक्ष में परिवार कल्याण परामर्श, एएनएम, स्टाफ नर्स के माध्यम से प्रसव एवं गर्भपात के लिए आई इच्छुक महिलाओं को उत्प्रेरित करते हुए सुविधा प्रदान कराई जाएगी।

CMYK

# कोरिया प्रशासन ने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को विधायक जनसम्पर्क निधि की राशि लौटाने व सूची से रविकांत व अमित का नाम विलोपित करने जारी किया पत्र

» रविकांत व अमित ने विधायक के दिये गए चेक को लौटा प्रशासन से स्वेच्छानुदान सूची से अपना नाम विलोपित करने की मांग की थी...

- रवि सिंह -
मनेन्द्रगढ़ 01 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ से कांग्रेस विधायक विनय जायसवाल ने दीपावाली मिलन में बुलाकर लगभग 60 पत्रकारो को स्वेच्छानुदान का 5 हजार रुपये चेक दिया था। जिस चेक को वहां मौजूद पत्रकार रविकांत सिंह व अमित पांडेय ने विधायक विनय जायसवाल द्वारा दिये गए चेक को विधायक को लौटाकर जिला प्रशासन को पत्र लिखकर स्वेच्छानुदान सूची से अपना नाम विलोपित करने की मांग की थी जिस पर कोरिया जिला प्रशासन ने सामान्य प्रशासन विभाग सचिव को विधायक जनसम्पर्क निधि की राशि लौटाए जाने व अनुदान सूची से रविकांत सिंह राजपूत व अमित पांडेय का नाम विलोपित करनी पत्र लिखा है।

जिला प्रशासन द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को लिखे गए पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि रविकांत सिंह मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया एवं अमित कुमार पाण्डेय गोदरीपारा चिरमिरी जिला कोरिया के नाम मुख्य मंत्री अंतर्गत छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मन्त्रालय रायपुर के आदेश कमाक एक 7-84/2021/1/ एवं सीएम नया रायपुर दिनांक 12.07.2021 के द्वारा अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। उक्त आदेश के परिपालन में इस कार्यालय द्वारा रविकान्त सिंह राजपूत मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया के नाम चेक कमांक 187476 दिनांक 27.09.2021 राशि 5000.00 एवं अमित पाण्डे गोदरीपारा चिरमिरी जिला कोरिया के नाम बैंक कमाक 187421 दिनांक 27.09 2021 राशि 5000 जारी किया गया है। आवेदक रविकांत सिंह राजपूत मनेन्द्रगढ़ के द्वारा इस कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक 18.10 2021 को प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि मेरे द्वारा विधायक विनय जायसवाल से किसी भी तरह की अनुदान राशि की मांग नहीं की गई है, अनुदान सूची से मेरा नाम विलोपित कर चेक निरस्त करने का अनुरोध किया गया है। इसी तरह अमित पाण्डेय गोदरीपारा चिरमिरी जिला कोरिया के द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 19.10.2021 प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि मैं दैनिक का वेतन भोगी कर्मचारी हूँ इस तरह के रुपये लेने की इजाजत नहीं देता है का उल्लेख कर चेक मूलतः इस कार्यालय को वापस कर दिया गया है। कृपया रविकांत सिंह राजपूत मनेन्द्रगढ़ एवं अमित पाण्डेय गोदरीपारा चिरमिरी को जारी मुख्य मंत्री स्वेच्छानुदान राशि विलोपित किये जाने के संबंध में उचित मार्गदर्शन प्रदान करने का कष्ट करें।



### विधायक ने बिना मांगे ही पत्रकार की दिया चेक, रविकांत ने लौटाया,फिर भी अनुदान सूची से नही हटा नाम

विधायक विनय जयसवाल पर अनुदान राशि का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लग रहा है। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी विनय जयसवाल पर लोग तरह-तरह के तंज कसते हुए नजर आ रहे हैं। पत्रकार को दी गई कर अनुदान राशि का मामला एक बार फिर तूल पकड़ रहा है। दरअसल विधायक विनय जायसवाल बिन बोले, बिना आवेदन दिए ही पत्रकार पर मेहरबान हो गए और अपनी स्वेच्छा अनुदान राशि से 5 हजार रुपए का चेक पत्रकार के नाम पर काट दिया। हालांकि पत्रकार ने तुरंत चेक वापस कर दिया।

### दोबारा उठ रहा मामला

अब ये मामला दोबारा उठा है क्योंकि पत्रकार ने कलेक्टर को आवेदन देकर शिकायत की है कि जब उसने स्वेच्छानुदान का चेक लौटा दिया और स्वेच्छानुदान मांगा नहीं तो फिर स्वेच्छानुदान प्राप्त करने वालों की लिस्ट से नाम क्यों नहीं हट रहा है। ये पूरा मामला मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र का है। जहां महीनों पहले विधायक विनय जयसवाल दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया था। बताया जा रहा है कि इस दौरान विनय जायसवाल ने स्वेच्छानुदान से चेक दिए। वे 5-5 हजार रुपए के चेक का वितरण कर रहे थे। पत्रकार रविकान्त का दावा है कि विधायक बिना बोले ही या बिना आवेदन लगाए ही स्वेच्छा अनुदान राशि का वितरण करने लग गए। इस दौरान ही इसका विरोध करते हुए तत्काल ही उन्होंने स्वेच्छा अनुदान राशि का चेक वापस कर दिया।

### कलेक्टर के पास दिया आवेदन

रविकान्त सिंह ने कोरिया कलेक्टर के पास भी आवेदन दिया। आवेदन में पत्रकार ने अपना पूरा परिचय दिया। इसके साथ ही बताया कि उसने किसी भी तरीके से विधायक से अनुदान राशि की मांग नहीं की थी। फिर भी विधायक विनय जायसवाल ने उसे अनुदान राशि का चेक दे दिया था। वो चेक पत्रकार ने तुरंत ही विधायक को वापस कर दिया था। पत्रकार ने कलेक्टर से अनुरोध किया था कि उसके नाम पर जारी चेक को निरस्त कर दिया जाए और अनुदान राशि की सूची से पत्रकार का नाम भी विलोपित किया जाना चाहिए।

### रविकांत ने क्या कहा

पत्रकार रविकान्त सिंह राजपूत ने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को जिला प्रशासन द्वारा पत्र लिखे जाने पर कलेक्टर विनय लंगेह के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मामला लगभग 1 साल पुराना है और मैंने चेक तुरंत ही विधायक को लौटा दिया था। इसके साथ ही मैंने कलेक्टर को भी आवेदन दिया था कि मेरा नाम अनुदान राशि की लिस्ट से विलोपित कर दिया जाए, लेकिन आज 1 साल से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी मेरा नाम उस सूची से नहीं हटाया गया। मैंने कलेक्टर विनय लंगेह से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द मेरा नाम अनुदान राशि की सूची से हटा दिया जाए। और अब इस दिशा में कार्यवाही शुरू हो गयी है।

## 12वी बोर्ड की परीक्षा शुरू हुई,कुसमी ब्लाक क्षेत्र के 1014 छात्र- छात्राओं में से 976 छात्र छात्राओं हुये पहले पेपर में शामिल

- उपेश सिन्हा -
कुसमी,01 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

आज बुधवार से शुरु हो चुकी है 12वी बोर्ड की परीक्षा और कुसमी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डी.के. यादव ने जानकारी देकर बताया कि विकासखण्ड क्षेत्र में कुल 08 परीक्षा केंद्र बनाये गये है जहाँ पर 12वी बोर्ड परीक्षा में कुल 1014 छात्र छात्राओं ने इस परीक्षा में शामिल होने के लिये आवेदन किया था वही किन्ही कारणों से आज हिन्दी विषय से परीक्षा की शुरुवात हुई है जहाँ 976 छात्र- छात्राओं ने आज की परीक्षा में शामिल हुये और 38 छात्र - छात्राये अनुपस्थित पाये गये,वही जानकारी के मुताबिक बोर्ड की परीक्षा में नकल प्रकरण में रोक लगाने के लिये दो टीम विकासखण्ड स्तर से और 1 टीम जिला स्तर से उड़नदस्ता टीम बनाई गई है,वही आज जिला शिक्षाअधिकारी की टीम ने सामरी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण भी किया तो वही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने रतासिली मदगुरी सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया आज प्रथम दिन विकासखण्ड क्षेत्र के सभी परीक्षा केंद्रों में से एक भी नकल प्रकरण दर्ज नही हुआ है।

## टेस्ट,ट्रीट एण्ड टाक के तहत गणेशपुर में आयोजित हुआ एनिमिया मुक्त शिविर

- संवाददाता -
रामानुजनगर,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं रक्त संबंधित बिमारियों को दूर करके उद्ददेष्य के तहत कलेक्टर सुश्री इरफत्त आरा महोदया के निर्देशानुसार जिला को एनिमिया मुक्त करने के लिए परित आदेषानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.एस. सिंह सूरजपुर के आदेश पर आज एनिमिया मुक्त भारत के लक्ष्य प्राप्त करने हेतु खण्ड चिकित्सा अधिकारी रामानुजनगर के मार्गदर्षन पर टेस्ट, ट्रीट एवं टाक के तहत् ग्राम पंचायत गणेशपुर मे एनिमिया जॉच शिविर का आयोजन किया गया । षिविर मे सेक्टर चिकित्सा अधिकारी डॉ ऋषि शुक्ला के द्वारा एनिमिया के संबंध मे उपस्थित लोगों को एनिमिया के लक्षण , बचाव एवं उसके उपचार के बारे मे बिस्तार से बताया गया साथ ही शिविर मे कार्यक्रम प्रबंधक संदीप नामदेव के द्वारा भी एनिमिया के संबंध मे लोगों को अवगत कराया गया । शिविर मे उपस्थित स्कूली बच्चों , माताओं एवं किशोरी युवाओं सहित 456 हितग्राहियों का हिमोग्लोबिन जॉच किया गया जिनमे जॉच मे तीन हितग्राहियों का हिमोग्लोबिन निर्धारित मात्रा से कम पाया गया उन्हे चिकित्सको के द्वारा उचित आहार , उपचार की जानकारी के साथ आयर आदि की दवाईया प्रदान किया गया। शिविर को सफ्ल बनाने में सेक्टर पर्यवेक्षक, ग्रामीण स्वास्थ संयोजक, ए.एन.एम., मितानिन ने अपनी सक्रिय सहमागिता प्रदान किये जिस कारण आस पास के पंचायतों से बड़ी संख्या मे महिला , पुरूष , बच्चों सहित किशोरी , युवाओं को जॉच संभव हो सका।



## छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ ने प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन,कार्यशाला एवं सम्मान समारोह का किया आयोजन

- संवाददाता -
कोरबा,01 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ जांजगीर चांपा जिला इकाई के बैनर तले आयोजित प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन, कार्यशाला एवं सम्मान समारोह में देश भर के पत्रकारों का अद्भूत संगम हुआ । जिले में लंबे अंतराल के बाद देश भर के जाने माने पत्रकारों का अद्भूत संगम हुआ। जिला, प्रदेश व देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति ही गरिमामयी कार्यक्रम की सफलता है। चांपा के हॉटल रंगमहल में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, माधवराव सप्रे, गणेश शंकर विद्यार्थी, स्व. रमेश नैय्यर व स्व. योगराज भाटिया के चित्र पर पूजा अर्चना और माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद मंचस्थ वरिष्ठ पत्रकारों का प्रदेश अध्यक्ष राज गोस्वामी, जिलाध्यक्ष हरि अग्रवाल, संयोजक कमल पाटीदार, चंकी तिवारी व राज सिंह चौहान ने पुष्प माला से स्वागत किया। मंचस्थ पत्रकारों का मान पत्र के साथ ही शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष राज गोस्वामी ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद देश भर से आए वरिष्ठ पत्रकारों ने जिला सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए पत्रकारों के समक्ष न केवल अपना अनुभव साझा किया, बल्कि अपने ओजस्वी भाषण और महत्पूर्ण जानकारियों से




उपस्थित पत्रकारों में नव ऊर्जा का संचार किया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र के दौरान कार्यक्रम में मौजूद पत्रकारों के कई शंकाओं का वरिष्ठ पत्रकारों ने समाधान बताया। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन चांपा के वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार डॉ. रमाकांत सोनी ने गरिमामय इस कार्यक्रम को सफल बनाने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंचस्थ अतिथयों को स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आकाशवाणी बिलासपुर के महेन्द्र कुमार साहू जी, ठाकुर बलदेव सिह, के के शर्मा, युवराज सिंह आजाद, अशोक पण्डा, राजीव मिश्रा, कृष्णकुमार सिंह, रामचरित द्विवेदी, उत्तम तिवारी, सुचित्रा ठाकुर, लक्ष्मि शर्मा, हिमांशु सिंह, विनय पाठक, देवेन्द्र चंद्रवंशी, शरद अग्रवाल, आकाश सिंह पवार, रतन केसरवानी, विपत सारथी, अनमोल केशरवानी, अक्षत केशरवानी, श्यामलाल रजक, आशु चंद्रवंशी, संदीप सिंह ठाकुर, अभिषेक सेमर, अब्दुल असलम, दादू मनहर, शिव कुमार तिवारी, प्रमेन्द्र शर्मा, संजय यादव, कोमल शुक्ला, सीताराम नायक, प्रशांत सिंह, विनोद चौरसिया, कैलाश कश्यप, रमेश कश्यप, प्रकाश रात्रे, अरूण गबेल, गोपाल भाई सहित बहुतायत में पत्रकार साथी उपस्थित थे।

### सामाजिक विभूतियों का हुआ सम्मान

छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ के इस गरिमामयी कार्यक्रम में जिन विभूतियों का सम्मान हुआ, उनमें कमरीद से रामकृष्ण वैष्णव का नाम शामिल है। इनका पूरा जीवन शिक्षादान के लिए समर्पित है। इसी तरह जरूरतमंदों की सेवा के लिए सदैव उपलब्ध रहने डॉ. अनिल जगत, निर्धन कन्याओं का अपने खर्च में विवाह कराने वाले बलौदा के माधव सराफ, अपनी पुश्तैनी जमीन को बेचकर समाजसेवा करने वाले अफरीद के केशव सिंह राठौर, पक्षी संरक्षक दीपक तिवारी, महाकाल की रसोई के जरिए भूखों को भोजन कराने वाली जांजगीर की पूजा तिवारी, हिन्दी व छत्तीसगढ़ी साहित्य की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले चांपा के वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार डॉ. रमाकांत सोनी, हितग्राहियों को निःस्वार्थ भाव से शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने वाली चांपा की केरोलीन भेंगरा, पौधरोपण व उनके संरक्षण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले चांपा के अशोक विश्वकर्मा, जरूरतमंदों की सेवा करने वाले जांजगीर के दीपक यादव, प्यासों की प्यास बुझाने वाले नैला जांजगीर के गोविंद सोनी का अतिथियों ने शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मान किया।

# जानलेवा हमले के आरोप में रेत ठेकेदार भाजपा नेता बिलासपुर से गिरफ्तार







» भाजयुमो भैयाथान मंडल अध्यक्ष पर जानलेवा हमले का मामला

» गुर्गो ने मंगलवार को किया था हमला,मंडल अध्यक्ष का उपचार जारी

» रेत ठेकेदार की तलाश में बैकुंठपुर में मंगलवार रात होती रही छापेमारी

» ईधर भाजपा ने मामले में प्रदेश सरकार को घेरा,सीएम का पुतला दहन

- संवाददाता -
सूरजपुर 01 मार्च 2023
(घटती-घटना)।

प्रदेश में रेत ठेकेदार सत्ता पक्ष के सहयोग से अब लोगो की जान लेने में भी पीछे नही हट रहे हैं, ठेकेदारो को सत्ता पक्ष का जबरजस्त संरक्षण प्राप्त है, जिसके बलबूते वे पुलिस को भी कुछ नही समझ रहे हैं, ताजा मामले में भाजपा से जुडे बैकुंठपुर के बिल्डर व रेत ठेकेदार के गुर्गो ने सूरजपुर जिले में भाजयुमो नेता पर जानलेवा हमला कर दिया है, भाजयुमो नेता को उपचार हेतु अंबिकापुर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है,तो वहीं मामले में भाजपा ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथो लिया है और घेरने का प्रयास किया है। तो वहीं मामले में सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि जिस रेत ठेकेदार पर कार्यवाही की मांग भाजपा कर रही है वह ठेकेदार भी भाजपा से जुड़ा है और विवादो से उसका पुराना नाता है। मामला हाईप्रोफाईल होने के बाद इसकी रिपोर्ट सूरजपुर जिले क भटगांव थाने में दर्ज कराई गई है, ठेकेदार के गुर्गो समेत अन्य के खिलाफ कई धाराओ के तहत मामला दर्ज किया गया है, मामला दर्ज होने के बाद रेत ठेकेदार व भाजपा नेता के बैकुंठपुर निवास व फार्म हाउस समेत अन्य ठिकाने पर मंगलवार की देर रात तक छापेमारी का क्रम चलता रहा वहीं बुधवार को उसे बिलासपुर से गिरफ्तार किये जाने की जानकारी मिल रही है। फिलहाल मामले में ज्यादा जानकारी सामने नही आई है, तो वहीं इस मामले में बुधवार को प्रदेश भर में भाजपाईयों ने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया है, बैकुंठपुर में भी सरकार का पुतला दहन किया गया और नारेबाजी की गई।

### भटगांव थाने में दर्ज हुआ मामला

पूरे मामले मे सूरजपुर जिले के भटगांव थाने में दर्ज हुए मामले के अनुसार केवरा थाना झिलमिली भैयाथान निवासी अखंड प्रताप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि दिनांक 28 फरवरी मंगलवार को शाम करीब 4 बजे अपने साथी अभिषेक गुप्ता उर्फ मंटू ,त्रिलोक पटेल व अमन सिंह के साथ मोटर सायकल से घर जा रहा था, कि सलका ग्राम से हृदय सिंह व रामऔतार पाटील जो मित्र भी हैं हमे मिले थे वे भी हमारे पीछे मोटर सायकल से आ रहे थे, कि ग्राम केवटाली के बांस बाड़ी जंगल से गुजरते समय एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन जिसमें चार पांच लोग सवार थे,और हमारी मोटर सायकल बीच रोड में रोककर अचानक लोहे के राड से हम पर जानलेवा हमला कर मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे और अखंड प्रताप सिंह,अभिषेक गुप्ता, त्रिलोक पटेल व अमन सिंह को मारकर गिरा दिए, सभी लोग मुंह मे कपड़ा बांधे हुए थे,इसी बीच मारपीट करने वाले रोहित सिंह पिता अभय सिंह निवासी डोमनहील चिरमिरी के मुंह का कपड़ा हट गया जिसे पहचान लिया गया। पिछ्ले महीने भी रेत के संबंध में झगड़ा हुआ था जिस पर भैयाथान थाने में मामला दर्ज हुआ था। मारपीट में अमन सिंह को दोनो पैर सिर व शरीर के अन्य हिस्से मे चोट आई है। उसके साथियों को भी चोटे आई है,जिस पर अमन सिंह को अंबिकापुर व उसके साथियों को भैयाथान अस्पताल में भर्ती कराया गया है,मामले में पुलिस ने रोहित सिंह समेत 4 अन्य के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 294, 307, 341 व 506 बी के तहत मामला दर्ज किया है। घटती घटना खबर का प्रकाशन एफआईआर व आ रही जानकारी के अनुसार किया है पर इस पुरे मामले की पुष्टि घटती घटना नहीं करता।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की निंदा

उक्त पूरे मामले में विपक्षी दल भाजपा ने प्रदेश सरकार को भी जमकर घेरा है,जब उक्त घटना घटित हुई तब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव भी सरगुजा संभाग के दौरे पर थे मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होने प्रदेश सरकार पर रेत ठेकेदारो को संरक्षण प्रदान करने का आरोप लगाया साथ ही कड़ी कार्यवाही की मांग की। उन्होने अन्य भाजपा नेताओ के साथ मारपीट में जख्मी भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अमन सिंह जो कि उप सरपंच भी हैं उनसे अंबिकापुर के चिकित्सालय में मुलाकात किया था और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। वहीं इस मामले मे भाजपा ने प्रदेश भर में कांग्रेस सरकार को घेरने की कोशिश की और रेत ठेकेदार को संरक्षण प्रदान करने का आरोप लगाया है।

### भाजयुमो ने प्रदेश भर में किया आंदोलन

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पर हुये मामले को लेकर भाजपा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा ने बुधवार को प्रदेश भर में आंदोलन किया है, इसी क्रम में युवा मोर्चा ने बैकुंठपुर जिला मुख्यालय में भी प्रदर्शन किया और प्रदेश सरकार का पुतला फूंका । जानकारी के तहत नगरपालिका परिसर में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर रेत माफिया समेत अन्य माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। मोर्चा ने कहा है कि रेत माफिया की गिरफ्तारी न होने की दशा में तथा रेत माफिया को नियंत्रित न करने की स्थिति में युवा मोर्चा आगे प्रदेश में बढते कानूनी हालात को लेकर बंद का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, महामंत्री पंकज गुप्ता, शारदा गुप्ता, सतेंद्र राजवाड़े, हितेश प्रताप सिंह,कुनाल जायसवाल, मनोज सोनवानी, सुभाष साहू, अनिल राजवाड़े, आशीष यादव, लोक राजवाड़े, अभय दुबे, नागेंद्र पटेल, रवि दुबे, सत्यम सिंह समेत अन्य युवा नेता उपस्थित थे।

### रेत ठेकेदार की तलाश में हुई छापेमारी,बिलासपुर से गिरफ्तारी

पूरे मामले में सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि जिस मामले में भाजपा ने प्रदेश सरकार को घेरने की कोशिश की है उस मामले में रेत ठेकेदार स्वयं भाजपा नेता और बैकुंठपुर का चर्चित बिल्डर है। बतलाया जाता है कि रेत ठेकेदार के ईशारे पर ही उसके गुर्गो ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। जिसकी भनक पर घटना दिवस की रात्रि बैकुंठपुर में बिल्डर के आवास फार्म हाउस एवं अन्य ठिकानों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई,लेकिन बिल्डर को पकड़ा नही जा सका ,संभवतःछापे की भनक पर बिल्डर बैकुंठपुर से फरार हो चुका था। बुधवार दोपहर सूरजपुर जिले की पुलिस ने बिल्डर को बिलासपुर से गिरफ्तार किया है ऐसी सूचना सूत्रो के माध्यम से मिल रही है। और उसे सूरजपुर लाया जा रहा है।

### भाजपा नेता रेत ठेकेदार को है कांग्रेस सरकार का संरक्षण

सूत्रों की माने तो मामले में गिरफ्तार भाजपा नेता जो कि एक बिल्डर है और रेत ठेकेदार भी है वह जमीन के अफरा तफरी मामले में पूर्व में भी जेल जा चुका है और फिलहाल जमानत पर बाहर है। जमानत पर रहते हुए भी उसके द्वारा इस प्रकार कृत्यो को अंजाम दिया जा रहा है जो कि अत्यंत गंभीर मामला बनता है। बतलाया जाता है कि रेत ठेकेदार ने पैसे के बल पर अपनी पकड़ इस कांग्रेस सरकार में भी मजबूत कर ली है,और बैखौफ होकर बड़े-बड़े कारनामो को अंजाम दिया जा रहा है। बैकुंठपुर जिला मुख्यालय में भी कई मामलो में उसकी सक्रियता देखी जा रही थी, पिछ्ले दिनो भाजपा के कई बड़े कार्यक्रम में बिल्डर व रेत ठेकेदार की बराबर उपस्थिति देखने को मिली थी, तो वहीं भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव के बैकुंठपुर आगमन पर भी बिल्डर द्वारा स्वागत करने की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिल्डर का भाजपा नेताओ के साथ ही कांग्रेस में भी अच्छा सांठगांठ है। बतलाया जाता है कि बिल्डर की पकड़ प्रदेश के एक महापौर के माध्यम से सीएम तक भी हो गई है जिससे कि वह और उसके गुर्गे बैखौफ होकर किसी भी घटना को अंजाम दे रहे हैं।

### बिल्डर जमानत और भाजपा जिलाध्यक्ष ने दिया पद

बैकुंठपुर शहर का उक्त बिल्डर फिलहाल जमानत पर है उस पर अनेक धाराओ के तहत मामला दर्ज है, लंबे समय बाद उसे उच्च न्यायालय से जमानत मिली हुई है लेकिन अपराध से मुक्त नही हुआ है। हास्यापद यह है कि जो पार्टी नियम कायदो की बात करती है, उसी पार्टी में जिलाध्यक्ष द्वारा बिल्डर को जिला कार्यसमिति का सदस्य बनाकर उपकृत किया गया है। बिल्डर को पद देने के पीछे जिलाध्यक्ष की क्या मंशा है यह तो नही मालूम लेकिन ऐसे व्यक्ति को पद देने और उसे पार्टी के हर मंच में शामिल करने से कहीं न कहीं पार्टी की छवि भी धूमिल हो रही है। अब बिल्डर द्वारा भाजपा के ही युवा नेता पर प्राणघातक हमले के आरोप में गिरफ्तार किया गया है तो देखने वाली बात होगी कि पार्टी उसके खिलाफ क्या कदम उठाती है। बतलाया जाता है कि यह मामला काफी हाई प्रोफाईल हो चुका है और इस पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व की नजर भी बनी हुई है।

# छत्तीसगढ़ के मुखिया से लगाई न्याय की गुहार,मनेंद्रगढ़ पुलिस पर लगाए आरोप

- शिकायतों की लंबी लिस्ट के बावजूद मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी पर आखिर कौन है मेहरबान ?
- ना थाना ना बदला ना जिला बदला एक ही थाने में इतने लंबे समय से कैसे हैं जमे हुए मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी ?
- 4 महीने की दुधमुही बच्ची की मां को जाना पड़ा जेल,पुलिस की कार्यवाही पर उठे सवाल
- पुलिस ने जब आबकारी मामले में इतनी बड़ी कार्यवाही की तो प्रेस विज्ञप्ति जारी क्यों नहीं की ?
- आदिवासी गरीब महिला का जेल जाना पूरे शहर में चर्चा का विषय
- आखिर कब मिलेगा मनेंद्रगढ़ वासियों को इस थाना प्रभारी से निजात
- उप निरीक्षक से निरीक्षक हो गए फिर भी स्थानांतरण का इंतजार, पदोन्नति के बाद तबादले की सूची का इंतजार
- बड़े अवैध कारोबारियों के लिए इनका रहना सुखद क्यों ?
- इनके कार्यकाल में बड़े अपराधी पाक साफ छोटे तबके के लोग आरोपी क्यों ?

-रवि सिंह -
एमसीबी, मनेंद्रगढ़ 01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।


पीड़िता का घर जंहा पुलिस ने दी थी बिना महिला पुलिस के दबिश


पीड़िता का भाई पत्रकारों से अपनी समस्या बताते



थाना मनेंद्रगढ़

अविभाजित कोरिया से लेकर विभाजित एमसीबी जिले का इकलौता मनेंद्रगढ़ थाना जहां एक प्रभारी अपने 3 साल का कार्यकाल पूरा करने की दहलीज ही पर खड़े है जो 3 महीने बाद पूरा होगा, इनके एक ही थाने में इतने लंबे कार्यकाल के दौरान शिकायतों की एक लंबी सूची है लेकिन इसके बावजूद इन पर मेहरबानी बरसती रही यह भी एक बड़ा सवाल है कि आखिर मेहरबानी किसकी वजह से बरसती रही? जनता भले दुखी हो जाए पर थाना प्रभारी पर मेहरबानी बरसती रहेगी चाहे क्यों ना चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा पर मेहरबानी तो थाना प्रभारी पर बरसती रहेगी कुछ इसी अंदाज में मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी पर मेहरबानी बरस रही है? शिकायत करने वाले शिकायत कर रहे हैं मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी से प्रताड़ना की शिकायत कई बार हो चुकी है पर जांच में कथन लेने के बाद पूरा मामला ठंडे बस्ते में पड़ जाता है एक बार फिर मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी की शिकायत मुख्यमंत्री सहित तमाम उच्च अधिकारियों से की गई है और उन पर आरोप लगाया गया है अवैध शराब बिक्री करने वाली महिला को उसके 4 महीने के बच्चे के साथ जाना पड़ा जेल। उसके ऊपर जो कार्यवाही की गई है वह थाना प्रभारी द्वारा गलत तरीके से हुई।

महिला के भाई दीपक सिंह के शिकायत अनुसार छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के नाम एमसीबी जिला कलेक्टर एवं एसपी कार्यालय में शिकायत पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई। दीपक सिंह ने बताया मेरे बड़े पापा की लड़की सिपाही




पारा में निवास करते हैं। हम आदिवासियों को शासन द्वारा हमें अपने घर में शराब बनाकर पीने की छूट है। दिनांक 25/02/2023 दिन शनिवार को मेरे बहन घर में अकेली थी मेरा जीजा भी बाहर अमरकंटक गए हुए थे अचानक पुलिस वाले मेरी बहन के घर में दबिश देखकर घुस गए घर में तलाशी लेने लगे 10 बोतल कच्ची महुआ शराब जप्त कर मेरी बहन से केस नहीं बनाएंगे ऐसे कह कर पैसे की डिमांड करने लगे पुलिसकर्मियों के द्वारा 15 हजार की मांग की गई मेरी बहन ने कहा कि मेरे पास 2 हजार है अभी आप ले लीजिए बाकी का पैसा मैं आपको कल दे दूंगी नहीं माने, महिला पुलिस साथ में नहीं थी शाम के समय 07 बजे या 08 का समय होगा मेरी बहन को जबरदस्ती पुलिस वाले अपने साथ में 4 माह का छोटा बच्चा गाड़ी में बैठा कर मनेंद्रगढ़ थाना कोतवाली ले गए। शिकायतकर्ता के आरोप अनुसार दिनांक 25/02/2023 दिन शनिवार मनेंद्रगढ़ कोतवाली थाने में महिला पुलिस के बगैर उपस्थिति रात भर बहन को थाने में बैठा कर रखा गया। दिनांक 26/02/2023 को 10 लीटर शराब जप्त कर, 30 लीटर शराब का केस बना कर जेल भेज दिया मैंने अपने आवेदन में 25/02/2023 सीसीटीवी कैमरा की जांच कर फुटेज की मांग की है। ताकि हमें पता लग सके मेरी बहन के साथ कोई अन्याय तो नहीं हुआ है क्योंकि महिला पुलिस उसके साथ में होना चाहिए जो रात भर उपस्थित नहीं थी। साथ ही यह भी पता लग जाएगा। जब मेरी बहन मनेंद्रगढ़ थाना कोतवाली उस समय महिला पुलिस उसके साथ थी कि नहीं थी जो जांच का विषय है। मैं मीडिया के माध्यम से अपनी बात छत्तीसगढ़ के मुखिया तक पहुंचाना चाहता हूं। यह बताना चाहता हूं जब छत्तीसगढ़ राज्य में एक आदिवासी महिला अपने को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। प्रेस मीडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री से अपील है मनेंद्रगढ़ कोतवाली थाने का मामला है इससे निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की कृपा करें।

### शिकायतकर्ता ने कहा है हमे घर पर पीने के लिए शराब बनाने की है छूट

शिकातकर्ता ने प्रदेश के मुखिया सहित अन्य को भेजे गए शिकायत में उल्लेख किया है की वह आदिवासी समुदाय से आते है और उन्हे घर पर शराब बनाकर पीने की छूट है।उसके बावजूद उनकी बहन के ऊपर शराब मामले में कार्यवाही की गई है और उनकी बहन जिसका तीन वर्षीय बच्चा भी है को गिरफ्तार किया गया है जो गलत है।

### शहर में संचालित अवैध शराब ठिकानों पर नहीं डालती मनेद्रगढ पुलिस छापा

मनेद्रगढ़ पुलिस शहर में ही संचालित अवैध शराब ठिकानों पर छापा नहीं डालती जबकि शहर में कई जगह शराब अवैध रूप से परोसी जा रही है। शहर में संचालित अवैध शराब ठिकानों को क्यों छूट दी गई है यह बड़ा सवाल है। मनेद्रगढ थाना प्रभारी की दोषपूर्ण कार्यप्रणाली को लेकर पहले भी इस तरह के सवाल उठते रहें हैं लेकिन उन पर कभी किसी ने संज्ञान नहीं लिया है और उनकी मनमानी बढ़ती जा रही है।

### थाना प्रभारी को एक ही पुलिस थाने में होने जा रहें हैं तीन वर्ष,आखिर किसकी है मेहरबानी

शहर के थाना प्रभारी को एक ही पुलिस थाने में तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करते होने जा रहा है। शहर के ही थाना प्रभारी रहते हुए उन्हे पदोन्नति मिली और लोगों को लगा की पदोन्नति उपरांत उनका तबादला जरूर होगा लेकिन नहीं हुआ। आखिर उनके ऊपर किसकी मेहरबानी है यह एक बड़ा सवाल है।

### यह है गिरफ्तार महिला के भाई की मुख्यमंत्री से गुहार

महिला के भाई की गुहार प्रदेश के मुखिया से यह है की उसकी बहन को बिना किसी महिला पुलिसकर्मी की उपस्थिति में गिरफ्तार किया गया वहीं उसे रात भर पुलिस थाने में बैठाकर रखा गया जिसकी सीसीटीवी फुटेज से पुष्टि होगी जो पुलिस थाने से मिलेगी वह उसे चाहिए वहीं पूरे मामले में वह प्रेस के माध्यम से प्रदेश के मुखिया तक भी अपनी बात पहुंचाना चाहता है।

## प्रधानमंत्री आवास हेतु जिले को मिला 2664 आवासों का लक्ष्य

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिले को कुल 2664 नये आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में समस्त जनपद पंचायतों को लक्ष्यों को आबंटित करने का कार्य दिया गया है तथा स्थाई प्रतीक्षा सूची अनुरूप ही जिला पंचायत के माध्यम से उक्त लक्ष्य का शत् प्रतिशत स्वीकृति किया जा चूका है। एसईसीसी सर्वे सूची 2011 के पात्रता अनुसार ही हितग्राहियों का चयन स्थाई प्रतीक्षा सूची से किया जाता है। हितग्राहियों के पंजीयन हेतु आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, मोबाईल नंबर तथा बैंक खाता की प्रति आवश्यक है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2016 से 2021 तक प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत जिले में कुल 63241 का लक्ष्य प्राप्त है जिसमें 45174 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष आवासों में कार्य प्रगति पर है।

# जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद में युवाओं ने समझी संसदीय कार्यप्रणाली





- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र बैकुंठपुर कोरिया द्वारा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में जिला स्तरीय आस पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी जी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए, साथ ही अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र बैकुंठपुर कोरिया के जिला युवा अधिकारी पवन कुमार ने किया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की प्राचार्य डॉ रंजना नीलिमा कच्छप, जनपद पंचायत अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह खुसरो, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आशा महेश साहू, डॉ महेश मिश्रा,प्रोफेसर नसमा बेगम, सुमित कुमार डे, महेंद्र कुमार कुर्रे, वरुण कुशवाहा, विक्की राम, सुमित मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, कनक लता पैकरा, अलका दुबे, दीपशिका, प्रतिभा, नीलम मिश्रा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय गीत व युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के छायाचित्र माला अर्पण वह दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिसके पश्चात अतिथियों का बुके,और बेच लगाकर स्वागत किया गया।जिसके पश्चात नेहरू युवा केंद्र बैकुंठपुर कोरिया के जिला युवा अधिकारी पवन कुमार ने बताया इस इस साल पड़ोस युवा संसद का आयोजन भारत को जी-20 का अध्यक्षता करने का गौरव प्राप्त हुआ है जी20 और वाई 20 कार्यक्रम के तहत देशभर में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है जिसमें युवाओं को विश्व शांति जलवायु परिवर्तन और मिलेट्स वर्ष जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को विभिन्न इस तरह पर विचार व्यक्त करने का अवसर प्राप्त होगा। मुख्य अतिथि श्री वेदांती तिवारी ने कहा भारत का अभ्युदय त20 कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व के गुणों का विकास करना हैं। प्राचार्य डॉ.रंजना नीलिमा कच्छप ने बताया कि किस प्रकार से जी 20 अध्यक्षता मिलने की वजह से भारत वैश्विक पटल पर भारत गूंज रहा है। वाद विवाद में प्रथम स्थान प्रिंस सिंह दूसरा स्थान सीमा मिश्रा तृतीय स्थान प्रियंका राय को दिया गया। पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृति सिंह, दितीय निहारिका कुजुर तीसरा स्थान जूली सलमानी को दिया गया समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुहाना एवं साथी द्वितीय इशिता एवं साथी तृतीय यशोदा एवं साथी को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ महेश मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र कोरिया के एमटीएस राजीव साहू राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रज्ञा शिवहरे, प्रियंका राजवाड़े, सीता सिंह ,अंकिता सिंह, सनी, का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में 400 युवा युवती उपस्थित रहे।



सफलता की कहानी

## बैल जोड़ी सरूडीह के किसान मंगरा को दिया गया

### किसान ने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को दिया धन्यवाद

- संवाददाता -
जशपुरनगर,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

जिला प्रशासन के अंतर्गत् संचालित पशुपालन विभाग के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक-एक बैल जोड़ी दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में मनोरा विकासखण्ड के सरडीह पाठक के किसान श्री मंगरा राम को जिला खनिज न्यास मद से एक-एक बैल जोड़ी दिया गया है। किसान ने बैल जोड़ी मिलने से खुशी जाहिर करते हुए छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि बैल जोड़ी मिलने से उन्हें खेती करने में आसानी हो रही है और अपने परिवार का भी भरण-पोषण अच्छे से कर रहें हैं।कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल जिले के सभी विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा किसानों को बैल जोड़ी देने के लिए सार्थक प्रयास कर रहें हैं।पशुपालन विभाग के उप संचालक श्री ए.के. मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि एक बैल जोड़ी की कीमत परिवहन बीमा सहित लगभग 35 हजार रूपए हैं।

# आखिर कई दशकों पुरानी ट्रेन का स्टॉपेज कटोरा से क्यों किया गया बंद

- वर्षों से जो स्टेशन देता आ रहा है रेल्वे को मुनाफा,फिर उस स्टेशन क्षेत्र के रहवासियों के लिए क्यों कम की गई पुरानी सुविधा
- अंबिकापुर शहडोल पैसेंजर ट्रेन को एक्सप्रेस बनाकर कटोरा रेल्वे स्टेशन में स्टॉपेज किया गया समाप्त
- अब ट्रेन बिना कटोरा रेल्वे स्टेशन में रुके बढ़ जाती है गंतव्य को,क्षेत्र के यात्रियों को हो रही असुविधा
- कटोरा रेल्वे स्टेशन एक बड़े क्षेत्र के लिए है आवागमन के लिए है एकमात्र रेल्वे स्टेशन

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 1 मार्च 2023 (घटती-घटना)।




कोरिया जिले का रेल्वे स्टेशन कटोरा जो एक बड़े क्षेत्र के लोगों के आवागमन के लिए रेल मामले में सबसे सुविधाजनक रेल्वे स्टेशन है और जो वर्षों से स्थापित रेल्वे स्टेशन है में कोविड 19 के बाद अंबिकापुर शहडोल पैसेंजर ट्रेन का स्टॉपिज उसे एक्सप्रेस ट्रेन घोषित कर समाप्त किया गया है जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और उन्हे ट्रेन पकड़ने बैकूठपुर रोड रेल्वे स्टेशन जाना पड़ रहा है जिससे यात्री परेशान हो रहें हैं। शहडोल अंबिकापुर ट्रेन क्षेत्र के यात्रियों को अनुपपुर तक ले जाने वाली इकलौती ट्रेन थी जो विभिन्न आगे की तरफ जाने वाली ट्रेनों से यात्रियों को संपर्क कराती थी और उनकी यात्रा सुगम बनाती थी। ट्रेन के स्टेशन में नहीं रुकने की वजह से अनुपपुर शहडोल या से की यात्रा करने वाले यात्रियों को बैकुंठपुर रेल्वे स्टेशन जाकर ट्रेन को पकड़ना पड़ रहा है और कई बार ट्रेन छूट जा रही है जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### कई दशकों से रुकती चली आ रही ट्रेन का कटोरा रेल्वे स्टेशन में रुकना हुआ बंद

कटोरा रेल्वे स्टेशन कोरिया जिले का ऐसा रेल्वे स्टेशन है जहां अंबिकापुर शहडोल ट्रेन दशकों से रुकती चली आ रही थी और जब यह ट्रेन भाप इंजन से चला करती थी और जब यह अनुपपुर मनेद्रगढ़ विश्रामपुर तक चलती थी तब से यह नियमित रूप से कटोरा रेल्वे स्टेशन में रुकती चली आ रही थी और इस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा पहुंचाया करती थी। अभी हाल फिलहाल में कोविड 19 के बाद जब बंद ट्रेनों को चालू किया गया तो इसे एक्सप्रेस बनाकर इसका रुकना बंद कर दिया गया जिससे क्षेत्र के यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### वृहद क्षेत्र के यात्रियों के लिए सुविधाजनक है कटोरा रेल्वे स्टेशन

कटोरा रेल्वे स्टेशन वृहद क्षेत्र के लोगों के लिए उपयुक्त रेल्वे स्टेशन है जो आवागमन के लिए दूरी के हिसाब से अपनी उपयोगिता के लिए प्रसिद्ध है। इस स्टेशन से कोरिया सहित सूरजपुर जिले के लोगों को भी ट्रेन का सफर करना सुविधाजनक लगता है क्योंकि दूरी के हिसाब से उन्हे यह ही स्टेशन सड़क मार्ग से कम दूरी पर पड़ता है। ऐसे में इस स्टेशन में रुकने वाली ट्रेनों का स्टॉपेज खत्म किया जाना कहीं से सही नहीं कहा जा सकता।

### रेल्वे को आय भी प्रदान करता चला आ रहा है कटोरा रेल्वे स्टेशन

कटोरा रेल्वे स्टेशन में रेलवे का कोयला भी रेल बैगनो में माध्यम से ले जाया जाता है और इस तरह यह स्टेशन रेल्वे को आय भी प्रदान करता है ऐसे में इस स्टेशन की सुविधाओं में कटौती किया जाना उपयुक्त नहीं जान पड़ता। यहां दशकों से रेल्वे का कोयला रखने और उसे बैगनों में लोड करने का साइडिंग है और यहां से कोयला बाहर ले जाया जाता है।

# राजस्व मंत्री के प्रयास से निगम को मिली साढ़े 29 करोड़ रूपये के नए विकास कार्यो की सौगात

## महापौर ने राजस्व मंत्री को दिया धन्यवाद, प्रकट किया आभार

- संवाददाता -
कोरबा,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष प्रयास से नगर पालिक निगम केरबा को 14वें वित्त आयोग अंतर्गत साढ़े 29 करोड़ रूपये के नए विकास कार्यो की सौगात प्राप्त हुई है। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने इसके लिए राजस्व मंत्री अग्रवाल को हार्दिक धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया है तथा निगम क्षेत्र के विकास के लिए उनके द्वारा दिए जा रहे बड़े योगदान व लगातार मिल रहे उनके मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञता व्यक्त की है।महापौर राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम के विभिन्न वार्डो में निर्माण कार्यो, विद्युतीकरण कार्यो, सड़क, नाली, नाला, फुटपाथ सहित 46 विभिन्न विकास कार्यो हेतु साढ़े 29 करोड रूपये की लागत के प्रस्ताव शासन को स्वीकृति हेतु भेजे गए थे, उन्होने बताया कि राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के विशेष प्रयास से इन प्रस्तावों को 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृत प्राप्त हो चुकी है। महापौर श्री प्रसाद ने निगम को यह बड़ी सौगात प्राप्त होने के लिए राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के प्रति हार्दिक धन्यवाद, आभार व कृतज्ञता व्यक्त की है। महपौर प्रसाद ने बताया कि जिन कार्यो को स्वीकृत प्राप्त हुई है, उनमें वार्ड क्र. 11 कोरबा कोतवाली से रानी धनराज कुंवर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक 96 लाख 83 हजार रुपये की लागत से आर.सी.सी.नाली का निर्माण, 01 करोड़ 15 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 01 ओवरब्रिज से सर्वमंगला पुल तक फुटपाथ व आर.सी.सी.नाला निर्माण, 90 लाख 62 हजार रुपये की लागत से वार्ड क्र. 08 केनाल रोड के पास स्वीपर मोहल्ला के पीछे आर.सी.सी.नाला व सी.सी.रोड निर्माण, 70 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्र. 04 इंदिरानगर में सहदई हाउस और सरवन जायसवाल हाउस से आंगनबाड़ी तक आर.सी. ड्रेन और सी.सी.रोड निर्माण, 01 करोड़ 80 लाख रूपये की लागत से गायत्री मंदिर से अनमोल मोटर्स तक आर.सी.सी. नाली निर्माण, 01 करोड़ 98 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 13 सतगुरु कांटा घर से पी.एच.सी. पंप हाउस तक आर.सी.सी. नाली निर्माण, 01 करोड़ 96 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र.16 सरायपारा बस्ती से महेन्द्र ठाकुर घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण, 01 करोड़ 20 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 29 में खरमोरा स्वागत द्वार से ट्रांसफार्मर तक सीमेंट कांक्रीट रोड व 03 बाक्स पुलिया निर्माण, 70 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्र. 21 में आर्य शिशु मंदिर से जिया रानी हाउस और श्यामलाल रजत से डबरी तक आर.सी.सी. नाली निर्माण, 44 लाख रुपये की लागत से वार्ड क्र. 25 ब्रह्म वाटिका से मुख्य नाला तक आर.सी.सी.नाला निर्माण , शारदा विहार वार्ड क्र. 12 में सी.सी.रोड निर्माण न्यू शारदा विहार किराना स्टोर्स से भाटाचार्या घर प्रभा फैंशन स कर्मा सदन, कर्मा सदन से जनरल स्टोर्स, शनि मंदिर से आंगनबाड़ी स्वर्ण फैंशन से ट्रांसफार्मल तक, 60 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 03 राताखार नहर चौक से मुक्तिधाम तक बीटी रोड निर्माण, वार्ड क्र. 32 व 34 रिसदी चौक से सतनाम नगर बालको तक प्रकाश व्यवस्था कार्य, 48 लाख 84 हजार रूपये की लागत से कुचैना मोड़ से गंगानगर तक प्रकाश व्यवस्था कार्य, 16 लाख 86 हजार रूपये की लागत से अहिरन नदी ब्रिज से ओव्हरहेड वाटर टैंक गजरा तक प्रकाश व्यवस्था कार्य आदि अनेक कार्य शामिल हैं।



## प्राथमिक शाला गेवरा बस्ती की महिला सहायक शिक्षक को किया गया बर्खास्त

- संवाददाता -
कोरबा,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

जिले के जनपद पंचायत कटघोरा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला गेवराबस्ती में पदस्थ सहायक शिक्षिका (एलबी) श्रीमती राधा कश्यप के विरूद्ध उनके अनुकंपा नियुक्ति के समय फर्जी शपथ पत्र देकर नौकरी प्राप्त करने की शिकायत की गई थी। विभागीय जांच में शिकायत सही पाये जाने एवं उच्च न्यायालय के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा महिला सहायक शिक्षक को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।सहायक शिक्षक के विरूद्ध शिकायत प्राप्त होने पर विभागीय जांच कराई गई थी। जांच प्रतिवेदन के अनुसार श्रीमती राधा कश्यप के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति 2006 के समय प्रस्तुत शपथ पत्र में अपना नाम कुमारी राधा कश्यप, उम्र 36 वर्ष बताया था। उनके पुत्र श्री चंद्रशेखर का विवाह 26 अप्रेल 2018 को संपन्न हुआ, उस वक्त चंद्रशेखर की बालिग उम्र कम से कम 21 वर्ष रही होगी। तदनुसार वर्ष 2006 में नियुक्ति के समय शिक्षिका का अविवाहित होना एवं उम्र 36 वर्ष होने का दावा गलत है। दस्तावेजों के आधार पर वह उस वक्त विवाहित थीं। जबकि श्रीमती राधा कश्यप के द्वारा 06 अप्रेल 2006 को दिए गए शपथ पत्र में कुमारी राधा कश्यप तथा उम्र 36 वर्ष अंकित किया गया था। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी अंकसूची में शिक्षिका की जन्मतिथि वर्ष 1966 है। अंकसूची के अनुसार नियुक्ति तिथि पर आवेदिका की आयु 40 वर्ष से अधिक होती है। शिक्षिका ने अपने पुत्र की विवाह के संबंध में स्वीकारोक्ति अपने बयान में की थी। इस प्रकरण में शिकायतकर्ता ने उच्च न्यायालय में शिक्षिका के विरूद्ध कार्यवाही के लिए वाद दायर किया था। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा उक्त प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। जिसके आधार पर शिक्षिका को तत्काल सेवा से पदच्युत किया गया है।




# एनटीपीसी कोरबा में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 20 वीं बैठक हुई सम्पन्न

- संवाददाता -
कोरबा,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 20वीं बैठक समिति अध्यक्ष बी रामचन्द्र राव की अध्यक्षता में एनटीपीसी प्रशासनिक भवन के सम्मेलन कक्ष में सम्पन्न हुई । बैठक में राजभाषा प्रयोग, नियमों के अनुपालन, प्रचार-प्रसार, कार्यान्वयन तथा बैठक के उद्देश्यों सहित विभिन्न मदों पर विस्तृत चर्चा हुई तथा सदस्य-कार्यालयों से इन मदों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति अध्यक्ष बी रामचन्द्र राव, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी कोरबा ने अपने संबोधन में सभी सदस्य-कार्यालय के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि नराकास के माध्यम से हमें आप सभी से जुडने तथा आपस में विचार-विमर्श करने का सौभाग्य मिला है। हमें राजभाषा संबंधी गतिविधियों को एक-दूसरे से साझा करते हुए हिन्दी कार्यान्वयन को एक नई दिशा देनी है। श्री राव ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से हम राजभाषा हिन्दी को प्रतिष्ठित करने में सफल होंगे।बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नराकास की आगामी बैठक अन्य सदस्य-कार्यालयों में आयोजित की जाएगी। इस अनुक्रम में नराकास की अगली बैठक के लिए एसईसीएल के महाप्रबंधक ने एसईसीएल गेवरा में आयोजित करने का आग्रह किया।बैठक से पूर्व मानव संसाधन प्रमुख प्रभात राम ने पुस्तक देकर अध्यक्ष महोदय का स्वागत और अभिनंदन किया। इस बैठक में एनटीपीसी कोरबा के मानव संसाधन प्रमुख प्रभात राम सहित सदस्य-कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख और राजभाषा पदाधिकारी शामिल थे । र






# कोरबा जिले में मनाया जाएगा शिशु संरक्षण माह




### पांच वर्ष तक के बच्चों को दी जाएगी आयरन फोलिक एसिड तथा विटामिन-ए की खुराक

- संवाददाता -
कोरबा,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

जिले में 31 मार्च तक शिशु संरक्षण माह मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिसमें समस्त शहरी तथा ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्रों, टीकाकरण केन्द्रों तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की दवा तथा 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड सिरप पिलायी जाएगी। इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन आर. एच. ओ., आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा मितानिन के सहयोग से प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को आयोजित होने वाले टीकाकरण दिवस को किया जाएगा। इसके अलावा टीकाकरण से छूटे हुए तथा नियमित टीकाकरण के लक्षित बच्चों को टीके लगाए जाएंगे। शिशु संरक्षण माह के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने वजन कराया जाएगा। अतिकुपोषत बच्चों का चिन्हांकित कर उनके पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु पोषण पुनर्वास केन्द्रों में भर्ती कर उपचार किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस एन केसरी ने बताया कि शिशु संरक्षण माह वर्ष में दो बार 6 माह के अंतराल में आयोजित किया जाता है। प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को समस्त शहरी तथा ग्रामीण आंगनबाड़ी केन्द्रों, टीकाकरण केन्द्रों में विटामिन ए की दवा की नियमित खुराक प्रत्येक 6 माह में एक बार पिलाने से बच्चों में रतौंधी, श्वास संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है। साथ ही आई एफ.ए.(आयरन फोलिक एसिड) सिरप खून की कमी को दूर करने के लिए बच्चों को दिया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले वासियों से 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आगंनबाडी केन्द्र ले जाकर आयु अनुसार विटामिन-ए तथा आयरन फोलिक एसिड (आई.एफ.ए.) की दवा पिलाने तथा टीकाकरण कराने की अपील की है।

### विशेष टीकाकरण अभियान 13 मार्च तक

**(शून्य से 16 वर्ष तक के बच्चों को लगाए जाएंगे टीके)**

शासन के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में 01 से 13 मार्च 2023 तक विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। जिसमें कार्ययोजना अनुसार टीकाकरण केंद्रों मे 0 से 16 वर्ष तक के सभी लाभार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु निःशुल्क टीके लगाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केसरी ने जिले के नागरिकों से अपील किया है कि वे अपने बच्चों को टीकाकरण केन्द्र में ले जाकर टीके लगवाये तथा आस पास के टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों को टीका लगवाने हेतु प्रेरित करें, जिससे बच्चों को होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके।

# मानसिक रूप से बीमार महिला का बेहतर इलाज कराने कलेक्टर झा ने दिए निर्देश

### कलेक्टर झा ने निक्क्षय मित्र के रूप में टीबी के मरीजों को दवा के साथ पोषक आहार किया वितरित

- संवाददाता -
कोरबा,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर संजीव झा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में लोगों की समस्याएं सुनी तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। जन चौपाल में 131 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री झा ने जन चौपाल में निक्क्षय मित्र के रूप में 09 टीबी मरीजों को आवश्यक दवाइयों और पोषक सामग्रियों का वितरण किया। उन्होंने टीबी के मरीजों के जल्दी स्वस्थ होने की कामना के साथ प्रोटीन युक्त पोषक आहार वितरित किया। पोषक आहार किट में सोयाबीन, दाल, गुड़ और खाद्य तेल शामिल है। कलेक्टर ने पोषक किट वितरित कर मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की । जन चौपाल में कोरबा तहसील अंतर्गत आरा मशीन निवासी सिरत फातिमा ने कलेक्टर श्री संजीव झा के समक्ष आवेदन देकर अपनी परेशानी बताई और कहा कि उसकी मुंह बोली बहन नगमा अफजल मानसिक रूप से बीमार है, जिनका उपचार मनोचिकित्सालय अस्पताल सेन्द्री में चल रहा है। उन्होंने बताया कि स्थाई रूप से वहां रहकर इलाज कराने के लिए मदद की आवश्यकता है। कलेक्टर श्री झा ने महिला के आवेदन पर संवेदनशीलता दिखाते हुए सीएमएचओ को आवेदिका की बहन के बेहतर उपचार के आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जन चौपाल में दीपका तहसील अंतर्गत दीपका बस्ती निवासी सूर्य प्रकाश ने मुआवजा भुगतान के संबंध में आवेदन किया। उन्होंने बताया कि उनके पुश्तैनी हक की जमीन को रेलवे द्वारा अधिग्रहण किया गया है। लेकिन उसका अब तक मुआवजा नहीं दिया गया है। इससे उनको आर्थिक रूप से नुकसान हो रहा है। जन चौपाल में सूर्य प्रकाश के इस आवेदन पर कार्यवाही के लिए एसडीएम कटघोरा को निर्देशित किया गया। इसी तरह जन चौपाल में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 देवांगन पारा निवासी प्रकाश निषाद ने लायंस गार्डन से लेकर कैनाल ब्रिज तक निर्मित नाला एवं कैनाल ब्रिज तक शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत संबंधी आवेदन किया। इस आवेदन पर कार्यपालन अभियंता हसदेव बराज संभाग को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। इसी प्रकार जन चौपाल में पहुंचे हरदी बाजार तहसील अंतर्गत ग्राम सेंद्रीपाली के राजकुमार नेताम व अन्य ग्रामीणों ने आवेदन देकर बताया कि सेंद्रीपाली नहर एवं जलाशय का रखरखाव नहीं होने से पानी नहर के अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पाता है इसके कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए सेंद्रीपाली नहर एवं जलाशय का रखरखाव कार्य कराने की मांग की गई। इस आवेदन पर डब्ल्यूआरडी विभाग के कार्यपालन अभियंता को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। उपरोक्त आवेदनों के अलावा जन चौपाल में राशन कार्ड बनाने, पेंशन से जुड़ी मांग,एसईसीएल में रोजगार व मुआवजा की मांग एवं अन्य मांगों को लेकर आवेदन आए। जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन चौपाल में अपर कलेक्टर कटघोरा श्री विजेंद्र पाटले, अपर कलेक्टर कोरबा प्रदीप साहू, जिला पंचायत के सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम के आयुक्त प्रभाकर पांडेय,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस एन केसरी सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



अधिकारियों के टी पीएल एल बैठक में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित बारहवीं एवं दसवीं बोर्ड की परीक्षाएं 01 एवं 02 मार्च से प्रारंभ होने पर कलेक्टर संजीव झा ने बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के लिए तैयारियों की समीक्षा की तथा बोर्ड परीक्षाओं में नकल की रोकथाम के लिए उड़नदस्ता दलों को मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए। कोरबा जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए 93 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। नकल रोकने के लिए जिला स्तर पर 06 फ्लाईंग स्क्वॉड दल भी गठित किए गए हैं। ये सभी दल रूट चार्ट बनाकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। कलेक्टर ने नकल की रोकथाम हेतु कड़ाई से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने आगामी ग्रीष्म काल को देखते हुए पानी की समस्या का निराकरण संवेदनशीलता के साथ करने को कहा।कलेक्टर ने जिले में पीडब्ल्यूडी द्वारा कराये जा रहे सड़क निर्माण कार्यो में धूल से नागरिकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए सतत् रूप से पानी छिड़काव करने कहा। उन्होंने इस संबंध में ठेकेदारों को स्थायी निर्देश दिया गया है, जिसका कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में शिक्षा के अधिकार के तहत होने वाले छात्रों के प्रवेश पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए इसके लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए।आरटीई के तहत सभी रिक्त सीटों के संबंध में सोशल मीडिया, बोर्ड-फ्लैक्स के माध्यम से पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके संबंध में कलेक्टोरेट कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, अनुविभागीय कार्यालय तथा तहसील मुख्यालयों में सूचना पटल आदि से जानकारी प्रदर्शित की जाए। कलेक्टर ने नगरीय निकायों में अवैध निर्माण कार्यो के नियमितिकरण कार्य में लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं लाने पर सभी सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिए।

# प्रयास आवासीय विद्यालय कक्षा 9 में प्रवेश हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 मार्च

- संवाददाता -
बलरामपुर ,01 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी है कि राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा योजना के तहत प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जारी निर्देशानुसार आवेदन पत्र भरने की तिथि 27 फरवरी 2023 से 29 मार्च 2023 तक निर्धारित की गई है तथा 30 मार्च से 03 अप्रैल तक ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार किया जा सकता है। प्रवेश हेतु प्राक्रयन परीक्षा रविवार 30 अप्रैल 2023 को होगी। उक्त संबंध में आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट ूण्जतपइंसण्बहण्हवअण्पद तथा जिले के सहायक आयुक्त आदिवासी कार्यालय बलरामपुर एवं परियोजना प्रशासक कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

**कार्यालय कलेक्टर,जिला-सूरजपुर(छ0ग0)एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन,राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

//अधिसूचना //

क्रमांक /2229 /भू-अर्जन / 05 / अ-82/ 2017-18, सूरजपुर, दिनांक 30-12 -22

जबकि समुचित सरकार को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की तारा-प्रेमनगर-रामानुजनगर मार्ग चौड़ीकरण एवं उन्नयनीकरण कार्य हेतु सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 ( जिसे एतद् द्वारा अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा-19 के तहत यह घोषित किया जाता है कि अनुसूची में वर्णित भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है:-

अनुसूची

भूमि का विवरण -
1 . जिला-सूरजपुर
2. तहसील-रामानुजनगर
3. ग्राम-नगर-रामानुजनगर, प.ह.नं. -22
4. अर्जन का क्षेत्रफल -0.0581 हे.

| खसरा नंबर | रकबा वर्ग मीटर में | खसरा नंबर | रकबा वर्ग मीटर में | खसरा नंबर | रकबा वर्ग मीटर में | खसरा नंबर | रकबा वर्ग मीटर में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 297/1 | 280 | 300 | 8 | 297/2 | 2250 | 297/4 | 18 |
| 297/3 | 50 | | | | | | |

2. भूमि से संबंधित नक्शा (प्लान), अनुविभागीय अधिकार (राजस्व) सूरजपुर यलिय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।
3. प्रस्तावित भूमि अर्जन से किसी भी प्रभावित का विस्थापन निहित नहीं है।

छत्तीसगढ़ राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(इफ्फत आरा)
कलेक्टर
जिला-सूरजपुर
एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी नंबर-98929/1

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**इंजीनियरिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

**क्रम सं:(1): ई–निविदा संख्या:** DRM-ENGG-BSP-T-152-22-23. **दिनांक : 20.02.2023.**
**कार्य :** बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता/ उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों (जैसे शहडोल, बुढ़ार, अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, हरद, मनेंद्रगढ़, लोरहा, चंदिया रोड, रूपौंद एवं झलवारा) पर एफओबी का मरम्मत कार्य।
**निविदा मूल्य : ₹ 99,10,128/-। अमानत राशि : ₹ 1,98,200/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 04 माह।**

**क्रम सं:(2): ई–निविदा संख्या:** DRM-ENGG-BSP-T-153-22-23. **दिनांक : 20.02.2023.**
**कार्य :** बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता/ उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत रूपौंद एवं बिजुरी गुड्स शेड में गैलवेल्यूम शीट्स एवं स्प्रिंकलर की प्रावधान हेतु शेष कार्यो का निष्पादन।
**निविदा मूल्य : ₹ 3,48,05,918/-। अमानत राशि : ₹ 3,24,000/-। कार्य पूर्णता की अवधि : 12 माह।**

**निविदा जमा करने की आरंभ तिथि:–** दिनांक **01.03.2023** के **11:00** बजे से। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:–** दिनांक **15.03.2023** के **11:00** बजे तक।

उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेंडर अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)**
**सीपीआर/10/473 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर**
South East Central Railway @secrail

R.O. No-764

**न्यायालय तहसीलदार, उदयपुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क 202302021900032 / अ-21 / 2022-23

ग्राम - पुटा, प0ह0नं0 18
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंद राम पिताआत्मा राम, जाति मझवार निवासी ग्राम-पुटा, तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा का ग्राम-पुटा,तहसील उदयपुर जिला सरगुजा में कुल खसरा नंबर 04 कुल रकबा 0.886 हे0 भूमि अवस्थित है। आवेदक के द्वारा अनावेदिका श्रीमती विकास कुमारी पति श्री विनेश्वर सिंह, जाति गोड़, निवासी ग्राम-सोनपुरकला, तहसील अंबिकापुर से खसरा क्रमांक 39, 37/3, 36/1 कुल रकबा 0.595 हे0 के विक्रय का सौदा राशि रू0 1,70,000.00 (एक लाख सत्तर हजार) रूपये में किया गया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का विक्रय मकान बनाने एवं पुत्र पुत्रियों के विवाह में खर्च हेतु साहूकारों से लिए गए कर्ज को चुकाने के लिए भूमि का विक्रय किया जाना बताया है।
आवेदक द्वारा विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु आवेदन मय बी-1, खसरा की प्रतिलिपि, अनुबंध पत्र की छायाप्रति, शपथ पत्र, तलवाना सहित अनुविभागीय अधिकारी(रा0), उदयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी तिथि 15/03/2023 के पूर्व इस न्यायालय में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा / आपत्ति प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावे।
आज दिनांक 24/02/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा द्वारा जारी ।

तहसीलदार
उदयपुर,सरगुजा

**न्यायालय नजूल अधिकारी,अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

:रा0प्र0क्र0 20230202120077/अ6अ/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिकागण नीता अ बष्ट पति स्व0 सचिन्द्र अ बष्ठ एवं अन्य-02, जाति-कायस्थ, निवासी-जेल रोड, बाबुपारा,नगर अम्बिकापुर, थाना व तहसील-अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता की धारा 115, 116 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर मोहल्ला-बाबुपारा, अंबिकापुर शीट नं0-09 स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक-3484/3 का रकबा वर्तमान राजस्व अभिलेखों में अनावेदक के नाम पर दर्ज हो जाने के कारण त्रुटि सुधार हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 24 /03/2023 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांक 27/02,/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0**

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0- 202301021200024 / अ--6 // 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुमित्रा देवी पति स्व0 गोपाल प्रसाद, निवासी- श्सूलपुर, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 एवं अन्य 09 के द्वारा बताया गया कि आवेदकगण के पति/पिता एवं अनावेदकगण के संयुक्त स्वमित्व व हक की शीट क्रमांक 08, मोहल्ला- सदररोड़, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 2559/2 रकबा 0.01 एकड़ भूमि दर्ज है। माननीय न्यायालय श्रीमान् चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-2, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा के व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक 91-ए /2006 में पारित आदेश के अनुसार नजूल प्लाट नम्बर 2559/2 रकबा 0.0। एकड़ में वासुदेव सोनी के स्थान पर स्व0 गोपाल प्रसाद सोनी का नाम दर्ज करने का निर्णय एवं आज्ञप्ति पारित किया गया है। बासुदेव प्रसाद आ0 रामचन्द्र प्रसाद सोनी की मृत्यु दिनांक 10.12.1996 को हो चुकी है।
अतः
माननीय न्यायालय श्रीमान् चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश महोदय वर्ग-2, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा के व्यवहार बाद प्रकरण क्रमांक 91-ए,/2006 पारित आदेश दिनांक 28.02.2044 के पालन में आवेदकगण का नाम आवेदित भूमि के अभिलेख में दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त सबंध में जिस किसी ब्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति होतो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-. 22/03/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त किया जावेगा।
आज दिनांक-23/02,/ 2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# कप्तानी की जिम्मेदारी से मिलती है प्रेरणा : स्मिथ

**इंदौर 01 मार्च,2023।** ऑस्ट्रेलिया के स्थानापन्न कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा कि कप्तानी की जिम्मेदारी उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित करती है और वह भारत के विरुद्ध तीसरे टेस्ट में टीम की कमान संभालने के लिये उत्साहित हैं।
स्मिथ ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, आमतौर पर यह (कप्तानी की जिम्मेदारी) मेरे अंदर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन निकालकर लाती है। मैं पैट (कमिंस) की अनुपस्थिति में टीम की अगुवाई करने के लिये उत्साहित हूं।
गौरतलब है कि कमिंस को उनकी मां की तबीयत बिगड़ने के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपने घर लौटना पड़ा, जिसके बाद तीसरे टेस्ट के लिये स्मिथ को कप्तानी सौंपी गयी है। स्मिथ भारत दौरे पर अब तक दो टेस्ट मैचों में सिर्फ 71 रन बना सके हैं, हालांकि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय परिस्थितियों से चित परिचित होने के कारण वह आने वाले मैचों में बड़ी पारियां खेल सकेंगे।
स्मिथ ने कहा, मैं इन परिस्थितियों को अच्छी तरह जानता हूं। यह मेरे दूसरे घर की तरह है, मैंने भारत में काफी क्रिकेट खेली है। मैं खेल की बारीकियों को और पिच की पेचीदगियों को समझता हूं। खेलने के लिये तैयार हूं।
सीरीज में 0-2 से पिछड़ने के बाद ऑस्ट्रेलिया को चमत्कारिक वापसी की जरूरत है, जिसके लिये उन्हें सबसे पहले बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। दिल्ली टेस्ट में दो दिनों तक मैच पर अपनी पकड़ मजबूत रखने के बाद तीसरे दिन के पहले सत्र में ही ऑस्ट्रेलिया ने मैच गंवा दिया। एक के बाद एक ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्पिन के विरुद्ध खराब शॉट खेलकर आउट होते गये, जिसके कारण ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट की हार का मुंह देखना पड़ा। रविचंद्रन अश्विन की गेंद को स्वीप करने के प्रयास में पगबाधा हुए स्मिथ ने कहा कि वह दिल्ली में अपने आउट होने के तरीके से बेहद गुस्सा थे और वह इससे जरूर सीख हासिल करेंगे।
स्मिथ ने कहा, मैं 95 (94) टेस्ट खेल चुका हूं और मुझे नहीं लगता कि मैं कभी इस तरह अपने ऊपर गुस्सा होकर पवेलियन लौटा हूं। मैं काफी गुस्सा था। मेरे करियर में ऐसे ज्यादा मौके नहीं थे जब मैं अपने आप से निराश होकर पवेलियन लौटा हूं। मैं इससे जरूर कुछ सीख सकता हूं। मैं अभी भी सीख रहा हूं।



उन्होंने कहा, मैं बिल्कुल भी इस तरह नहीं खेलना चाहता था। खासकर तब जब फील्ड हमारे अनुसार ही सजी हुई थी। उनके फील्डर वहीं खड़े थे जहां हम चाहते थे, हम आराम से एक-दो रन ले सकते थे लेकिन हमने जल्दबाज़ी की।
ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट के लिये टीम की घोषणा नहीं की है, हालांकि स्मिथ के अनुसार होल्कर स्टेडियम की पिच भी नागपुर और दिल्ली जैसी ही है।
उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को अपने दिल से झिझक निकालकर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील करना होगा।
उन्होंने कहा, हमारे बल्लेबाजों ने अब तक खुलकर खेलने की कोशिश नहीं की है। मैंने पहले टेस्ट में 30 रन बनाये, मार्नस (लाबुशेन) को भी अच्छी शुरुआत मिली है। खिलाड़ी अब तक बड़ा स्कोर बनाने में असफल रहे हैं। एक साझेदारी फर्क पैदा कर सकती है।
स्मिथ ने कहा, मेरे अनुसार पीटर (हैंड्सकॉम्ब) दोनों मैचों की पहली पारियों में अच्छे रहे हैं लेकिन उन्हें किसी का साथ नहीं मिला है। अगर उनके साथ कोई हो और हम पहली पारी में बनाये गये रनों का लाभ उठायें तो तस्वीर जरूरत बदल सकती है। हमें कोशिश करनी होगी और दिमाग से स्पिन के विरुद्ध झिझक निकालनी होगी। हमें परिस्थितियों के अनुसार बेहतर ढलना होगा।
ऑस्ट्रेलियाई स्क्वाड = पैट कमिंस (कप्तान), एश्टन आगर, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, पीटर हैंड्सकॉम्ब, जॉश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मैट कुह्नेमन, मार्नस लाबुशेन, नेथन लायन, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ (उपकप्तान), मिचेल स्टार्क, मिचेल स्वेपसन, डेविड वार्नर।
भारतीय स्क्वाड = रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएस भरत, ईशान किशन, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रवींद्र जड़ेजा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, सूर्यकुमार यादव, जयदेव उनादकट।

# 7 दिन में खत्म की एंडरसन की बादशाहत

### अश्विन बने टेस्ट के नंबर वन बॉलर

**इंदौर 01 मार्च,2023।** भले ही इंदौर टेस्ट में भारत के हालात अच्छे नहीं है। लेकिन कहीं ना कहीं भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के लिए आज एक बहुत बड़ी खबर आई है। दरअसल, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को पछाड़कर आर अश्विन आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में नंबर वन गेंदबाज बन गए हैं। हालांकि, इससे पहले वह दूसरे स्थान पर बने हुए थे। फिलहाल इंग्लैंड की हार के बाद एंडरसन दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। 2015 में अश्विन पहली बार नंबर एक गेंदबाज बने थे। अश्विन कई बार नंबर एक पोजीशन पर पहुंच चुके हैं। अश्विन के 864 रेटिंग अंक हैं जो एंडरसन से पांच अधिक हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 10 विकेट चटकाने वाले जडेजा भी गेंदबाजी रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। जडेजा और अश्विन टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं।
अश्विन ने दिल्ली में भारत की जीत के दौरान पहली पारी में मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को एक ही ओवर में आउट करने के बाद एलेक्स कैरी को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा था। इस ऑफ स्पिनर ने दूसरी पारी में शीर्ष पांच में से तीन विकेट चटकाए थे जबकि उनके स्पिन जोड़ीदार रविंद्र जडेजा ने दूसरे छोर से ऑस्ट्रेलिया के बाकी बल्लेबाजों को आउट किया था। अश्विन के पास घरेलू सरजमीं पर बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो मैच में और बेहतर प्रदर्शन करके शीर्ष पर लंबे समय तक बने रहने का मौका होगा। पिछले तीन हफ्ते में अश्विन तीसरे गेंदबाज हैं जो टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे हैं। पिछली बार एंडरसन ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था। कमिंस नवीनतम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं।



इग्लैंड के जो रूट ऑलराउंडर की सूची में दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर हैं। वेलिंगटन में फॉर्म में वापसी करते हुए रूट ट्रेविस हैड और बाबर आजम को पछाड़कर आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के टॉम ब्लंडेल ने शीर्ष 10 में जगह बनाई है। वह चार स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनकी उम्दा पारी से न्यूजीलैंड ने फॉलोआन खेलने के बाद इंग्लैंड को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराया। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक एक और शतक के साथ 15 स्थान के फायदे से विराट कोहली के साथ संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर हैं।



## 84वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में अनुपमा उपाध्याय ने जीता गोल्ड

**पुणे 01 मार्च,2023।** महाराष्ट्र के पुणे में इन दिनों आयोजित की जा रही 84वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में हरियाणा की प्रतिभावान खिलाडी अनुपमा उपाध्याय ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए आखिरकार सभी की उम्मीदों के अनुसार प्रदेश के लिए गोल्ड मैडल जीता है। इस जीत पर हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रेजिडेंट देवेंद्र सिंह ने विजेता बेटी को पांच लाख नगद ईनाम देने की घोषणा की है।
होनहार की इस उपलब्धि पर बैडमिंटन एसोसिएशन आफ इंडिया उपाध्यक्ष व हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन महासचिव अजय सिंघानियां ने हरियाणा की खिलाडी अनुपमा उपाध्याय का खिताबी मुकाबले के दौरान सामना छतीसगढ की आकर्षी कश्यप के साथ हुआ। जिस प्रकार पूरे देश की निगाहे इस बडे टूर्नामेंट पर टिकी थी फाईनल पूरी तरह से रोमाचंक होने के आसार पहले ही दिखाई दे गए थे। हुआ भी यही व आखिरी क्षण तक दोनों खिलाडियों ने खिताब को जीतने के लिए खूब पसीना बहाया व अंतिम क्षण तक खेल का रोमांच बना रहा। आखिरकार अपने अनुभव के बल पर हरियाणा की अनुपमा उपाध्यय विजेता बनकर उभरी। पहला सैट गंवाने के बाद एक बार मैच में पिछड चुकी इस होनहार ने आगे खेल में न सिर्फ अपने उपर बने मनोवैज्ञानिक दबाव को पूरी तरह से हटा दिया साथ में विपक्षी के किसी भी तरह से उभरने व संभलने का मौका अंत तक नहीं दिया। अंतिम परिणाम अनुपमा उपाध्यय की जीत के साथ 20-22, 21-17, 24-22 रहा जो दिखाने के लिए काफी है कि मैंच रोमांच की किस सीमा तक पहुंचा। अजय सिंघानिया ने कहा कि प्रत्येक खिलाडी को अंत तक हार न मानकर अपने खेल का सर्वश्रेष्ठ देने के लिए पूरी तरह से मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए, हांलाकि हार जीत खेल के दो पहलू है लेकिन अंतिम क्षण तक जीतने का जुनून महान खिलाडियों का एक गुण है इसकी झलक अनुपमा ने दिखाई। सभी को इस युवा के अंदर भविष्य की अपार संभावनाएं नजर आ रही है।
हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन प्रेजिडेंट देवेंद्र सिंह ने भी अपनी शुभकानाएं दी व अनुपमा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आज पूरे भारत में हरियाणा के जूनियर व सीनियर बैडमिंटन खिलाडियों ने न सिर्फ उंचा नाम कमाया है बल्कि यह कहा जाए कि अपना दबदबा खेल में कायम कर दिया है तो गलत नहीं होगा। प्रतिभावान युवा खिलाडी की यह उपलब्धि बहुत बडी है, इससे पूरे हरियाणा में महिला खिलाडियों के बीच एक संदेश गया है कि बैडमिंटन के क्षेत्र में उनके लिए भी अपार संभावनाएं खुली है वो भी आगे आए व अनुपमा की भांति अपने क्षेत्र प्रदेश व देश के नाम को रोशन करे।

## भारत ने जीता महिला स्नूकर विश्व कप

**बैंकॉक 01 मार्च,2023।** इंडिया 'ए' ने महिला स्नूकर विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड 'ए' को 4-3 से मात देकर यह खिताब जीत लिया है।
भारतीय महिलाओं ने खेले गये खिताबी मैच में इंग्लैंड 'ए' को 56-26, 67 (51)-27, 41-61, 27-52, 68 (34)-11, 55-64, 78-39 से मात दी।
भारत की ओर से खेलने उतरीं अमी कमानी और अनुपमा रमाचंद्रन के इस टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में नहीं थीं, लेकिन उन्होंने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए 12 बार की विश्व चैंपियन रीएन इवान्स और मौजूदा विश्व नंबर चार रेबेका केना को फाइनल में मात दी।
कमानी ने खिताब जीतने के बाद विमेंस स्नूकर डॉट कॉम से कहा, यह आश्चर्यजनक लगता है क्योंकि मैंने 2011 में स्नूकर खेलना शुरू किया था और यह मेरा पहला विश्व खिताब है। यह जादू जैसा लगता है। मैंने जो भी मेहनत की है, आज उसका फल मिल गया है। यह सिर्फ शुरुआत है। मैं हर विश्व खिताब जीतना चाहती हूं। अभी के लिये मैं बहुत खुश क्योंकि मैंने अपने देश भारत को गौरवान्वित किया है।
अनुपमा ने कहा, मैं वास्तव में खुश हूं क्योंकि विश्व महिला स्नूकर के साथ यह मेरा पहला टूर्नामेंट है और पहले कुछ दिनों में मुझे टेबल से तालमेल बिठाने में वास्तव में मुश्किल हो रही थी। यह मेरे लिये बिल्कुल नये माहौल जैसा था लेकिन मैं चाहती थी टेबल पर मैं जो कर रही थी उसका आनंद लूं। मैंने जीतने या हारने के बारे में ज्यादा नहीं सोचा और शॉट दर शॉट मैच खेला, जिससे मुझे काफी मदद मिली। मेरे पास खुशी ज़ाहिर करने के लिये कोई शब्द नहीं हैं।

## मुश्किलों में घिरा लियोनल मेसी का क्लब,पीएसजी अध्यक्ष पर लगे अपहरण और शोषण के गंभीर आरोप

**नई दिल्ली 01 मार्च,2023।** पीएसजी इस समय दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल क्लब में शुमार है। इस टीम में लियोनल मेसी, कीलियन एम्बाप्पे और नेमार जैसे स्टार खिलाड़ी खेलते हैं। पीएसजी की अमीरी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वो एक साथ तीन-तीन सुपर स्टार के साथ करार कर चुका है। हालांकि इस समय ये क्लब बेहद ही गलत वजहों से सुर्खियों में है। मेसी के इस क्लब के अध्यक्ष नसेर अल-खेलाफी पर किडनैप करने और शोषण करने के आरोप लगे हैं जिनकी जांच चल रही है।
नासेर पर फ्रांस-अलजेरिया के लोबिस्ट तायेब बेनाबडेरहमाने को किडनैप करने और उन्हें यातनाएं देने का आरोप लगा है। बेनाबडेरहमाने ने इसके पीछे की जो वजह बताई है वो काफी हैरान करने वाली है और अब इस मामले की जांच शुरू हो गई है।



कुछ महीने पहले बेनाबडेरहमाने ने नासेर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने दावा किया था कि साल 2020 में कतर में नासेर ने उन्हें किडनेप किया था। बेनाबडेरहमाने ने कहा था कि उनके पास नासेर के खिलाफ कुछ पुख्ता सबूत थे जिस वजह से उनका अपहरण किया गया और फिर काफी यातनाएं दी गई। हालांकि नासेर ने इन सब आरोपों को बेबुनियाद बताया है।सेर ने कहा, आप प्रोफेशनल अपराधी के बारे में बात कर रहे हैं। उन्होंने अपने वकील अपनी कहानियों से भी ज्यादा बार बदले हैं। ये सिर्फ मीडिया के लिए किया जा रहा है। मुझे हैरानी है कि कुछ लोग इन आरोपों को सही मान रहे हैं लेकिन क्या कर सकते हैं ये आज के समय की मीडिया है। न्याय होगा। मेरे पास ऐसे लोगों के बारे में बात करने का समय नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि बेनाबडेरहमाने के पास पुख्ता सबूत थे जिससे ये साबित हो जाता कि कतर को साल 2022 के वर्ल्ड कप की मेजबानी देने के लिए धांधली की गई जिसमें नासेर शामिल थे। वहीं साल 2026 और 2030 के टेलीविजन राइट्स बेचने में भी भ्रष्टाचार किया गया। पिछले साल ही स्विस फेडरल क्रिमिनल कोर्ट ने नासेर से रिश्वत लेने को लेकर दो बार पूछताछ की थी। वहीं साल 2020 में इसी मामले की शुरुआत जांच में नासेर को बेकसूर माना गया था।

## महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर जेटसिंथेसिस के ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन ने पेश किया महामृत्युंजय मंत्र जिसे सोनू निगम जी ने आवाज दी

महामृत्युंजय मंत्र को सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है
महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर, पद्मश्री सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन - जेटसिंथेसिस की डिजिटल मनोरंजन शाखा ने महामृत्युंजय मंत्र के लिए संगीत वीडियो लॉन्च किया।
इस महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा दर्शकों को वीडियो में गतिशील दृश्यों के साथ सोनू निगम द्वारा किए गए इस महान शक्तिशाली मंत्रोच्चारण में डूबने का मौका मिलेगा। महामृत्युंजय मंत्र एक मोक्ष मंत्र माना जाता है जो अमरता और दीर्घायु प्रदान करता है, ऐसा माना जाता है कि महामृत्युंजय मंत्र का मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक और गहरा प्रभाव पड़ता है।महामृत्युंजय मंत्र की इस म्यूजिक वीडियो के बारे में बात करते हुए, सोनू निगम कहते हैं, ÷बाजार में कई महामृत्युंजय मंत्र पाठ हैं, लेकिन मैंने अभी तक इसका पूर्ण संस्करण नहीं सुना है। मैंने इस विषय पर कुछ शोध किया और पाया कि महामृत्युंजय मंत्र जो की 2 भाग में होता है वह अपने दूसरे भाग के बिना अधूरा है। वही दूसरा भाग मैंने अपने संस्करण में शामिल किया है। मैंने इस महामृत्युंजय मंत्र को इसके सही अंकन और उच्चारण में पढ़ा है, जैसा कि मूल रूप से हमारे प्राचीन ऋषियों द्वारा कहा गया था। मेरे लिए पूर्ण संस्करण द्वारा निर्मित माहौल कल्पना से परे है।÷



लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए जेटसिंथेसिस के संस्थापक और सीईओ, राजन नवानी ने कहा, ÷हम सोनू निगम के आई बिलीव म्यूजिक के साथ यह संस्करण शुरू करने के लिए उत्साहित हैं।

# अब बॉलीवुड में दस्तक देगी अदाकारा आसमा सैयद



चैनल वी पर प्रसारित धारावाहिक 'सुरवीन गूगल' से अदाकारा आसमा सैयद अपने कैरियर की शुरुआत की परंतु चर्चा में आई ऑल्ट बालाजी के वेबसीरीज़ 'गंदी बात' में मुख्य भूमिका निभाने के बाद, फिर तो आसमा सैयद ने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा।आसमा अपने काम के प्रति बेहद जुनूनी शख्सियत है।आसमा का मानना है कि हमें पूरी शिद्दत से अपने काम पर ध्यान देना चाहिए उसका अच्छा प्रतिफल अवश्य मिलेगा। वह पुरस्कार से ज्यादा काम को अहमियत देती है। मुंबई में जन्मी अदाकारा आसमा सैयद बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। वह खेलकूद, नृत्य, अभिनय या कला से जुड़ी हर विधा में पारंगत है। इन्हें आसमा अली के नाम से भी जाना जाता है।
इन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा कैम्ब्रिज से पूरी की। मुम्बई के मालिनी किशोर संघवी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स से अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की। अपने स्कूल और कॉलेज के समय से ही वह अभिनय की दुनिया में आ गयी। उनका पहला शो 'जय मां विंध्यवासिनी' (धारावाहिक) बिग मैजिक चैनल पर प्रसारित हुआ था जिसमें गुंजन की भूमिका में आसमा नज़र आई थीं। वह 'रंग ए इश्क, कोई साथ है' जैसी हिंदी फिल्मों और शुभरात्रि, इश्क किल, कनीज़ जैसी वेब सीरीज में नजर आ चुकी हैं। इसके बाद सिलसिला आरम्भ हुआ साउथ की फिल्मों का। इन्होंने तेलगु फिल्म 'आर आर टेम्पट राजा' में काम किया है।
इनकी आगामी तेलगु फिल्म रागी रेकू है। इनकी तेलगु फिल्म कर्ण और प्लेसिबो जल्द आने वाली है, इन दोनों फिल्मों में आसामा मुख्य भूमिका में है। आसामा ने हिंदी फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में कई नामी लोगों के साथ काम किया है साथ ही दक्षिण भारतीय फिल्मों के कई नामी हस्तियों पोसानी कृष्णा मुरली, दिल रमेश, तनिश अल्लादी, बॉबी, नोकाराजू, श्यामला आदि के साथ इन्होंने काम किया है। साउथ की फिल्मों में धमाल मचाने के बाद अब अदाकारा आसमा सैयद बॉलीवुड की फिल्मों के तरफ ज्यादा ध्यान दे रही हैं। बहुत जल्द ही एक बड़े बैनर की फिल्म की घोषणा होने वाली है जिसमें आसमा मुख्य भूमिका में नज़र आएगी। आसमा के पसंदीदा कलाकार प्रियंका चोपड़ा, माधुरी दीक्षित, श्रीदेवी, दीपिका पादुकोण, शाहरुख खान, ऋतिक रोशन और सलमान खान है। ब्रांड आइकन अवार्ड 2022 से वह सम्मानित हो चुकी हैं और कई अवार्ड शो के लिए नॉमिनेट भी हो चुकी हैं।धारावाहिक 'जिंदगी की महक' (ज़ी टीवी), यारों का टशन और उड़ान (कलर्स टीवी) धारावाहिकों में अलग अलग भूमिका निभा चुकी आसमा को फिलवक्त कई टेलीविजन चैनल और ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ साथ बॉलीवुड फिल्मों के लिए भी अनुबंधित किया जा चुका है।













## ऋतिक रोशन ने शूरू की फाइटर के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग




अभिनेता ऋतिक रोशन मौजूदा वक्त में अपनी आगामी एक्शन फिल्म फाइटर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।एक अंदरूनी सूत्र ने खुलासा किया, ऋतिक रोशन हैदराबाद में कुछ हाई ऑक्टेन एक्शन सीन की शूटिंग करेंगे और सुपरस्टार उसी के लिए तैयार हैं। बहुत कम बार वह बॉडी डबल का उपयोग करेंगे। फाइटर के अपने तीसरे शेड्यूल में दीपिका उनके साथ शामिल नहीं होंगी। उन्होंने अपने शूट काफी हद तक पूरे कर लिए हैं।
दीपिका और ऋतिक पहली बार एक साथ आ रहे हैं और उनके प्रशंसक इन दोनों की हॉट केमिस्ट्री देखने के लिए उत्साहित है। फाइटर के बारे में बात करते हुए सिद्धार्थ आनंद ने अपनी खुशी जाहिर की थी कि अब पठान की भारी सफलता के बाद उन्होंने एक बेंचमार्क सेट कर दिया है और ऋतिक की इस फिल्म को एक तरह की फिल्म कहा है क्योंकि एक्शन दृश्य वास्तविक होंगे और केवल कुछ वीएफएक्स ब्लॉक का उपयोग किया जाएगा। यह पहली एरियल एक्शन फिल्म है और भारत में पहली बार इसे देखने के लिए प्रशंसक रोमांचित हैं। ऋतिक रोशन को आखिरी बार विक्रम वेधा में देखा गया था और आलोचकों और दर्शकों से बहुत प्यार और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी, लेकिन फाइटर अलग है और यह बॉक्स ऑफिस पर आतिशबाजी करेगी।

# विधानसभा की कार्यवाही राज्यपाल के अभिभाषण के बाद स्थगित हुई




### चर्चा के लिए मंत्रियों का वक्त किया गया तय

रायपुर,01 मार्च 2023(ए) । छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन की कार्रवाही स्थगित हो गयी है। आज सदन में कार्यमंत्रणा समिति के प्रस्ताव को अनुमोदन किया गया। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के तीसरे अनुपूरक बजट सदन में पेश किया। कल 2 मार्च को अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। आज सदन में बजट सत्र के दौरान चर्चा का वक्त भी तय किया गया। जिसके तहत मंत्रियों को कई मंत्रियों को 2 घंटे और कुछ मंत्रियों को 1 घंटे चर्चा का वक्त दिया गया। 13 से 23 मार्च तक विधानसभा की कार्यवाही बिना भोजन अवकाश के शाम 7 बजे तक चलेगी।

### 20 मिनट के अभिभाषण में राज्यपाल ने दिया ब्यौरा

इससे पहले 20 मिनट के अपने अभिभाषण में राज्यपाल ने कहा कि सरकारी नौकरी में हमारी सरकार ने स्ट,स्ञ को लाभ दिया है। स्वच्छता में छत्तीसगढ़ को देश का दूसरा अवार्ड मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना और मोर ज़मीन मोर मकान योजना के तहत प्रदेश तमाम लोगो को रहने को छत दी गई है।

ऑनलाइन सट्टा और गैम्बलिंग के खिलाफ़ क़ानून बनाया गया। राम वन गमन पथ का निर्माण किया गया। मेरी सरकार ने देश के में नई आशा की किरण दी है। राज्यपाल ने सदन से गरिमा के अनुरूप व्यवहार करने का अनुरोध भी किया।

राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान टोकाटोकी

बजट सत्र की शुरुआत आज राज्यपाल के अभिभाषण के साथ हुई। इस दौरान विपक्ष ने जमकर टोका टोकी। राज्यपाल विस्वा हरिचंदन ने जैसे ही अपने संबोधन की शुरुआत की, विपक्ष ने ये कहकर सवाल उठा दिया कि राज्यपाल के अधिकारों के खिलाफ सरकार कोर्ट में गयी है, ऐसे में राज्यपाल को मान्यता दे रही है या नहीं।

बृजमोहन अग्रवाल ने इस मद्दे को उठाया, जिसके बाद विधायक शिवरतन शर्मा भी अपनी सीट से उठकर खड़े हो गये और बार-बार राज्य सरकार से इसे स्पष्ट करने की बात कहने लगे। विपक्ष बार-बार कहता रहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिये कि वो राज्यपाल के अधिकारों के बारे में क्या कह रही है।

राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान बार-बार विपक्ष अपनी सीटों से उठकर टोका टोकी करने लगा। राज्यपाल के इंग्लिश में दिये जा रहे संबोधन के बीच विपक्ष बार-बार ये भी कहता दिखा कि उन्हें ये बातें समझ नहीं आ रही है।



## भाजयुमो ने किया गृह मंत्री का पुतला दहन

रायपुर,01 मार्च 2023(ए) ।भारतीय जानता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के आवाहन पर जिला अध्यक्ष राजा पांडेय की निर्देशानुसार व मंडल अध्यक्ष घनेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का पुतला दहन माकड़ी के अटल चौक में भाजयुमो के द्वारा किया गया।रेत माफियाओ को मिल रहे

संरक्षण का परिणाम भाजयूमो भैयाथान मंडल के अध्यक्ष भाई अमन प्रताप पर जानलेवा हमला हुआ। पैरो पर गाड़ी चढ़ा दी गयी सर पर लोहे की रॉड से मारा इतनी निर्ममता से हमले का बल आखिर किससे मिला अपराधियो को , छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार लगातार प्रदेश को अपराधगढ़ बना रही है।

अपराधियो को कड़ी सजा मिलनी चाहिए । इस घटना को लेकर पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं में कांग्रेस सरकार के खिलाफ बहुत ही आक्रोश है और भाजपा द्वारा चेतावनी दी गई कि भाजपा कार्यकर्ता टारगेट किलिंग जानलेवा हमला नहीं रुका तो प्रदेश से लेकर पूरे मंडल स्तर तक उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेंगे।पुतला दहन में भाजयुमो के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने डीजे लेकर एक बार फिर किया ईडी दफ्तर का घेराव

### डीजे लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे कांग्रेसियों ने कहा हमारे नेताओं को टारगेट किया जा रहा है

रायपुर,01 मार्च 2023(ए) । छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई के विरोध में एक बार फिर रायपुर के ईडी दफ्तर का घेराव करने कांग्रेस नेता पहुंचे। इस बार डीजे लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे थे। श्वष्ठ की कार्रवाई के विरोध में महापौर एजाज ढेबर, और प्रमोद दुबे के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन हुआ। कांग्रेसियों का कहना है कि, हमारे नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। जबरदस्ती परेशान किया जा रहा, जबकि अडानी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी पहुंची थीं। महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन के दौरान अपनी चूड़ियां लहराई और कहा कि, ईडी के अफसरों को चूड़ी पहन लेनी चाहिए। ये कहते हुए महिला कार्यकर्ता जमकर नारेबाजी करती रहीं।

### एजाज ढेबर क्या बोले

सूर्यकांत तिवारी जैसे बिजनेसमैन को परेशान कर रहे हैं। वह 2019 से बिजनेस नहीं कर रहे हैं, गिरफ्तारी अगर की गई है तो कार्रवाई को आगे बढ़ाएं। केवल अधिवेशन को खराब करने के लिए छापेमारी की गई। 2008 में रमन सिंह ने चुनाव में पर्चा भरा तो उनकी जितनी संपत्ति थी। उसके ठीक 10 गुना संपत्ति आज हो गई है, ऐसा कौन सा काम है जिसमें उनकी 10 गुना संपत्ति बढ़ी है। ईडी उन पर कार्रवाई नहीं कर रही है। अडानी के खिलाफ ईडी कार्रवाई नहीं कर रही है। अडानी की कंपनी में हवाला के पैसों जैसी भी बातें सामने आई है, लेकिन ईडी ने न तो कोई समन दिया, न किसी प्रकार की कोई उन पर कार्रवाई की गई

### मरकाम बोले-हमारा अधिवेशन ऐतिहासिक रहा



मोहन मरकाम ने कहा- भाजपा आज निम्न स्तर की राजनीति करने लगी है। सोनिया गांधी को लेकर भाजपा के नेता वीडियो वायरल कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अपने अध्यक्ष जेपी नड्डा का वीडियो देखना चाहिए। जेपी नड्डा का हाल भाजपा में किसी से छिपा नहीं है। अधिवेशन को असफल करने के लिए श्वष्ठ को भेजा गया था। ईडी के छापे पड़े, लेकिन हम नहीं डरे। हमारा अधिवेशन ऐतिहासिक रहा।

## जेएसपी को सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड

### शैक्षिक कार्यक्रम आशा द होप की पहल के लिए किया गया सम्मानित

रायपुर,01 मार्च 2023(ए) । जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली देश की अग्रणी स्टील कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को शिक्षा एवं कौशल विकास श्रेणी में दिव्यांगजनों के लिए खास शैक्षिक कार्यक्रम आशा द होप की पहल के लिए प्रतिष्ठित सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसपी के प्रेसिडेंट एवं सीएसआर प्रमुख प्रशांत कुमार होता ने ग्रहण किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सीएसआर के जरिये सामाजिक विकास के कार्यों में योगदान करने के लिए कंपनियों की सराहना की और उचित चयन प्रक्रिया के लिए निर्णायक मंडल की भी तारीफ की। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए कहा कि ÷आशा-द होप÷ दिव्यांगजनों के पुनर्वास और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए जेएसपी फाउंडेशन का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जो उनके दिल के बेहद करीब है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक उत्थान के माध्यम से उनकी टीम समृद्ध भारत के सपने साकार करने के लिए प्रयासरत है। जेएसपी




फाउंडेशन का संकल्प है कि लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने की उसकी योजनाओं का लाभ सभी पात्रों तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति उन लाभों से वंचित न रहे।

सभ्यताओं के निर्माण में शिक्षा की एक महत्वपूर्ण भूमिका है और हमें दृढ़विश्वास है कि यदि हम समर्पित भाव से दिव्यांगजनों और अन्य नागरिकों के उत्थान, पुनर्वास और विशेष शिक्षा प्राप्ति में सहयोग के अपने कर्तव्यों का पालन करें तो कोई शक नहीं कि वे राष्ट्र निर्माण में योगदान के प्रति सदैव तत्पर रहेंगे। जिन्दल ने सामाजिक विकास में जेएसपी फाउंडेशन के योगदान के लिए सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान करने पर निर्णायक मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया।

गौरतलब है कि जेएसपी फाउंडेशन ÷आशा-द होप÷ कार्यक्रम ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड में चला रहा है, जिसके तहत दिव्यांगजनों, खासकर बच्चों को चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवाएं प्रदान की जाती हैं। उनका आधुनिक चिकित्सा पद्धति से इलाज किया ही जाता है, उन्हें बोलने-चलने एवं कौशल का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

इस मुहिम के माध्यम से 5000 से अधिक बच्चों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जा रहा है। जेएसपी को हाल में गोल्डन पीकॉक अवार्ड एवं केंद्रीय कंपनी मामलों के विभाग की ओर से दो क्षेत्रों में सेवाओं के लिए राष्ट्रीय सीएसआर अवार्ड भी प्रदान किया गया है।

## गुटखा व खाद्य सामग्रियों के ब्रांडेड कंपनियो के नाम पर अवैध उत्पाद का कारोबार चरम पर

-सौरभ यादव-

तिल्दा-नेवरा ,01 मार्च 2023 (ए) । नकली खाद्य सामग्री के अलावा ब्रांडेड कंपनी के नकली गुटखा बनाने का कारोबार क्षेत्र में द्रूत गति से जारी होने का मामला प्रकाश में आया है । तिल्दा -नेवरा,खरोरा,भाटा पारा क्षेत्र में इस कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है । लेकिन संबंधित विभाग इस अवैध कारोबार पर लगाम कसने में अब तक असफल रहा है । गौरतलब हो कि कुछ वर्ष पूर्व तिल्दा -नेवरा क्षेत्र में संचालित अवैध गुटखा निर्माण के कारोबार पर दबिश देकर एक बड़ी विभागीय कार्रवाई किया गया था उसके बावजूद यह अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है।



विश्वस्त सूत्रों से जानकारी में आ रहा है कि तिल्दा नेवरा, खरोरा ,से लेकर भाटापारा तक गुटखा के ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली गुटखा का उत्पाद किया जा रहा है । जानकारी के अनुसार नामी ब्रांडेड कंपनीयो में राज श्री गुटखा सहित अन्य ब्रांड के गुटखा, तंबाकू उत्पाद का अवैध कारोबार फल फूल रहा है । यहां पर देखा गया है कि इस अवैध कारोबार पर जब जब विभागीय कार्रवाई की मार पड़ी है तब तब यह असुर रूपी कारोबार जगह परिवर्तन कर प्रशासन के साथ आंख मिचौली का खेल , खेल रही है । अवैध गुटखा उत्पाद कारोबार के अलावा ब्रांडेड खाद्य सामग्री के अवैध उत्पाद के मामले पर भी क्षेत्र पिछे नहीं है । जानकारी में आया है कि किचन के मसाले से लेकर चायपत्ती तक की ब्रांडेड कंपनी के नाम पर अवैध उत्पाद के कारोबार क्षेत्र में पैठ बना चुकी है ।करोड़ों की इस अवैध कारोबार के चलते कुछ लोग जहां आर्थिक समृद्धि के शिखर पर है वहीं जनसमुदाय के स्वास्थ्य पर प्रतिकुल असर भी पड़ रहा है ।

## छत्तीसगढ़ में तीन तलाक की पहली कार्रवाई

### रायपुर के आरोपी को गिरफ्तार करने आई इस जिले की पुलिस

रायपुर,01 मार्च 2023(ए) । केंद्र सरकार ने तीन तलाक पर रोक लगा कर मुस्लिम महिलाओं को बड़ी राहत दी है। देश भर में तीन बार तलाक बोलकर रिश्ता ख़त्म करने वालों पर अब रिपोर्ट दर्ज की जा रही है और कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। वहीं अब छत्तीसगढ़ में पहली बार इसका मामला सामने आया है।



राजधानी रायपुर के बोरियाखुर्द स्थित कॉलोनी में रहने वाले एक आरोपी को मनेंद्रगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने तीन बार तलाक कहकर अपनी पत्नी को तलाक दे दिया था जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी।

जानकारी के मुताबिक मनेंद्रगढ़ की 22 वर्षीय युवती का विवाह पिछले साल 9 सितंबर को आरडीए कॉलोनी बोरियाखुर्द के मोहम्मद शरीफ (36 वर्ष) से हुआ था। मुस्लिम विधि से मनेंद्रगढ़ में कार्यक्रम संपन्न हुआ था। शादी के बाद युवती रायपुर में रहने के लिए आ गई। करीब महीनेभर बाद मोहम्मद शरीफ उसे मायके में छोड़कर चला गया जिसके बाद 17 जनवरी को उसने तीन बार तलाक तलाक तलाक कहकर पत्नी के साथ सारे रिश्ते तोड़ दिए।

शरीफ ने कहा कि वह दूसरा निकाह करेगा। महिला ने दो फरवरी को मनेंद्रगढ़ थाने में इसकी शिकायत की थी जिसके बाद आरोपी को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। मुस्लिम विवाह अधिनियम के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## पूर्व स्पीकर ने आधिवेशन में बिछाये फूलों से गुलाल समेत इन मुद्दों पर घेरा

रायपुर,01 मार्च 2023(ए) । छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचंदन के अभिभाषण पर भाजपा ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। पूर्व स्पीकर धरमलाल कौशिक ने छत्तीसगढ़ में संवैधानिक संकट का आरोप लगाया है।उन्होंने कहा कि विधानसभा में जिस प्रकार राज्यपाल से अभिभाषण पढ़वाया गया। वास्तव



में आप देखेंगे तो प्रदेश में संवैधानिक संकट की स्थिति है। एक तरफ उनके खिलाफ कोर्ट जा रहे हैं। इसका मतलब यह है कि सरकार उन्हें राज्यपाल मानने के लिए तैयार नहीं है। दूसरी तरफ उनसे अभिभाषण पढ़वाया गया।

दूसरी बात यह है कि संवैधानिक संस्थाओं को चोट पहुंचाना, उन्हें अपमानित करना इस सरकार की नीयती बन गई है। जान-बूझकर सरकार द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## राडा की मांग पर परिवहन विभाग ने उठाया कदम

### ट्रांसपोर्टर को मिली बड़ी राहत, अब 6 माह के लिए वैध रहेगा नई गाड़ी का अस्थाई रजिस्ट्रेशन

रायपुर,01 मार्च 2023(ए) । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा ट्रांसपोर्टर और डीलरों के माँग पर तत्काल कार्यवाही की जा रही है । इसके तहत परिवहन विभाग द्वारा परिवहन सुविधाओं को लगातार ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है । इसी कड़ी में नये ख़रीदे जाने वाले गाड़ी के अस्थाई जिस्ट्रेशन आवेदन भी अब गाड़ी ख़रीदने समय गाड़ी विक्रेता डीलर के द्वारा किया जा सकेगा।

पूर्व में टीआर रजिस्ट्रेशन की वैलिडिटी एक माह की होती थी जिस समय सीमा के अंदर वाहन क्रेता को अन्य ज़िले अथवा अन्य राज्य में जाकर गाड़ी का स्थायी रजिस्ट्रेशन कराना होता था । कई बार इस सीमां में स्थायी रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाता है जिससे की वाहन क्रेता को पेनाल्टी लग जाता है। इस समस्या का समाधान करने परिवहन विभाग ने टेम्परारी रजिस्ट्रेशन की वैधता अब बढ़ाकर 6 माह कर दी है।




### क्या होता है टेम्परारी रजिस्ट्रेशन

यदि आप किसी और ज़िले से नई गाड़ी ख़रीद रहे है तो आपको डीलर टेम्परारी रजिस्ट्रेशन कर के देता है जिसे अपने ज़िले के आरटीओ में जमा कर स्थायी रजिस्ट्रेशन नंबर लिया जाना होता है। इसी तरह यदि आप राज्य से नई गाड़ी ख़रीद कर लाते है या छत्तीसगढ़ से नई गाड़ी ख़रीद कर किसी और राज्य में ले जाते है तो आपको टेम्परारी रजिस्ट्रेशन करा कर गाड़ी ले जानी होती है।

### वैलिडिटी 6 माह हो जाने से ट्रांसपोर्टर बड़ी राहत मिलेगी

इसी तरह कमर्शियल गाड़ी क्रेता बस या ट्रक बनाने के लिए कई बार सिर्फ़ चेसिस ख़रीदते है और बाद उसने बॉडी बनायी जाती है। चेसिस वाली गाड़ी टेम्परारी रजिस्ट्रेशन होता है और बॉडी बनने बाद उनका निरीक्षण कर स्थायी रजिस्ट्रेशन होता है । कई बार चेसिस वाली गाड़ी में बॉडी बनने विलंब हो जाता है ऐसे स्थिति में ट्रांसपोर्टर को पैनल्टी लग जाती है । अब टेम्परारी रजिस्ट्रेशन को वैलिडिटी 6 माह हो जाने से ट्रांसपोर्टर बड़ी राहत मिलेगी।

### ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के द्वारा परिवहन मंत्री मिलकर माँग किया

रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन (राडा) के द्वार टीआर की वैलिडिटी बढ़ाने की माँग पिछले की जा रही थी। इस संबंध में ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के द्वारा परिवहन मंत्री मिलकर माँग किया गया था ।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अल्दा द्वारा किया गया

-सौरभ यादव-

तिल्दा नेवरा ,01 मार्च 2023(ए) । तिल्दा नगर के ब्लॉक ग्राम अल्दा के शासकीय उच्चतर




माध्यमिक विद्यालय में बच्चों द्वारा भारत और विश्व के महान वैज्ञानिकों की खोज एवं जीवनी और भविष्य में उनके द्वारा खोज का प्रभाव के साथ वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

विज्ञान शिक्षिका जयश्री वर्मा द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के मूल उद्देश्यों के साथ बच्चों को नए प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। इनके मार्गदर्शन में ही विगत वर्षों से यहां के बच्चे अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए, इंस्पायर अवार्ड ले चुके , 4 बच्चे और सत्र 2023 में भी धनेश्वरी यादव अपने नए खोज का प्रदर्शन करेगी,प्राचार्य प्रेम पृथ्वीपाल लेवी लकड़ा और श्याम लाल वर्मा सर द्वारा बच्चों को उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिवार की शिक्षकों की उपस्थिति में प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार दिया गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)